दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली | मंगलवार 4 फरवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 46 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# महाकुंभ में मची भगदड़ पर संसद के दोनों सदनों में हंगामा, विपक्ष ने की नारेबाजी

## खड़गे ने मरने वालों की संख्या के बारे में ऐसा क्या कहा कि मच गया हंगामा

**नई दिल्ली।** विपक्षी सदस्यों ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों लोकसभा व राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने नारेबाजी की। विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग कर रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा, इस विषय का उल्लेख राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में किया था। आप लोग अभिभाषण पर चर्चा के दौरान यह विषय रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है जिसमें सरकार की जवाबदेही तय की जा सकती है। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, अगर आपको देश की जनता ने नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही काम करिये। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए। विपक्षी दलों के सदस्यों ने



'प्रधानमंत्री जवाब दो' और 'मोदी सरकार शेम शेम' के नारे लगाए। बता दें, मौनी अवमस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का आरोप है कि सरकार ने इस घटना में मृतकों का सही आंकड़ा नहीं बताया।

खड़गे ने भगदड़ में मरने वालों की संख्या के बारे में ऐसा क्या कहा कि मच गया हंगामा, धनखड़ बोले- बयान वापस लें। संसद के बजट सत्र के तीसरे तीन प्रयागराज कुंभ में हुई भगदड़ के मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ है। दोनों ही सदनों में विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। विपक्षी सांसदों ने प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ में मरने वालों का 'सही' आंकड़ा जारी करने की मांग की। विपक्ष ने इस मुद्दे पर जमकर नारेबाजी भी की और सांकेतिक तौर पर सदन का बहिष्कार भी किया।

कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा पर भाषण की शुरूआत करते हुए कहा, अपनी बात आरंभ करने से पहले मैं महाकुंभ में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने हजारों की संख्या में वहां पर अपनी जान दी है, कुंभ में।

खड़गे के इस बयान के बाद सदन में सत्ता पक्ष के सांसदों ने शोर मचाना शुरू कर दिया।

### राज्यसभा में क्या हुआ

खड़गे के बयान पर राज्यसभा के सभापति जगदीश धनखड़ ने उनसे अपना बयान वापस लेने की अपील की। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता ने हजारों की संख्या में आंकड़े दिया है। मैं उनसे अपील करता हूं कि इस सदन में जो भी कहा जाता है, उसका बहुत महत्व होता है। आपने कुछ ऐसा कहा है, उससे सभी स्तब्ध हैं। यहां से जो संदेश जाता है, भले ही उसका खंडन हो, वह पूरी दुनिया में जाता है।" राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की और कुछ देर के लिए सदन की कार्यवाही का बहिष्कार भी किया।

शेष, पृष्ठ 2

## दिल्ली विधानसभा चुनावों को लेकर सांसद अतुल गर्ग का अनुमान

# आठ से दस प्रतिशत वोट लौटा है भाजपा की तरफ और 40 से 50 सीटें जीत रही है भाजपा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रदेश सहप्रभारी हैं। जिस दिन से चुनावी तैयारी शुरू हुई है। सांसद अतुल गर्ग ने उसी दिन से दिल्ली में डेरा डाल रखा है। वो लगातार चुनावी मॉनिटरिंग में लगे हुए हैं। गाजियाबाद की कई टीमें भी यहां चुनाव प्रचार कर रही हैं। अतुल गर्ग शहर विधायक रहे हैं, लोकसभा सांसद हैं और राजनीति में उनके अनुमान बड़े सटीक माने जाते हैं। तीन फरवरी की शाम जब चुनाव प्रचार थम गया, दैनिक करंट क्राइम ने उनसे बात की और चुनावों को लेकर उनके अनुमान को जाना।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पहले के मुकाबले इस बार आठ से दस प्रतिशत वोट भाजपा में वापस लौटा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-2020 में भाजपा का दस प्रतिशत वोट छिटक गया था। मेरा अनुमान है कि आठ से दस प्रतिशत ये वोट वापस आया है। यह वोट भाजपा की नीतियों से प्रभावित है। जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि इस वोट प्रतिशत के भाजपा में वापस लौटने से 40 से 50 सीटें भाजपा जीत रही है।

### गाजियाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़ाया है दिल्ली में मान-सम्मान

करंट क्राइम। दिल्ली चुनाव के प्रदेश सहप्रभारी और गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि केवल मेरे से ही नहीं बल्कि गाजियाबाद के भाजपा कार्यकताओं ने यहां चुनाव प्रचार किया है, यहां गाजियाबाद का मान सम्मान बढ़ा है। गाजियाबाद के कार्यकताओं ने दिल्ली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। भाजपा के बड़े नेताओं के बीच वो प्रशंसा के हकदार बने हैं। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गाजियाबाद के 300 कार्यकर्ता पहले दिन से दिल्ली चुनाव प्रचार में हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि ये कार्यकर्ता अकेले नहीं आए हैं बल्कि अपने साथ हर कार्यकर्ता दस से पन्द्रह साथियों को लेकर आया है और सबने यहां भाजपा का चुनाव प्रचार किया है। हमारे पांच विधायक यहां चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। मोतीनगर विधानसभा में संजीव शर्मा लगे हैं। इसी तरह मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी यहां चुनाव की कमान संभाली है।

## नामित वाले मैटर में भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी ने दिखाए तेवर

# कहा, 30 साल पार्षद रह लिए फिर भी क्यों जाना है निगम के सदन में





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भी रहे हैं। वो अधिवक्ता है और निगम के सदन में मुद्दों पर बोलने वाले शानदार वक्ता है। अब जब बात नामित पार्षदों की चल रही है तो निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने वरिष्ठ पूर्व पार्षदों को नामिल वाले सीन में लिये जाने पर ऐतराज जताया। इन्होंने कहा कि पार्टी को ऐसे चेहरों को अपनी तरफ से निर्देश देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य बात रखी जानी चाहिए और आफ्टर इफैक्ट की टेंशन नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने नामित पार्षद वाले मुद्दे पर मुखरता से बात रखी और कहा कि ये एक माहौल बन रहा है कि निगम के सदन में पुराने पूर्व पार्षदों को भेजा जाए। प्रवीण चौधरी ने कहा कि मेरा पार्टी संगठन से यह आग्रह है कि जो व्यक्ति 20 साल, 30 साल नगर निगम में पार्षद के रूप में ही सेवा करते रहे हैं अब उन नामों पर विचार ना किया जाए। बेस्ट तो यही रहेगा कि उन्हें रेस्ट करने दिया जाए। उन्होंने कहा कि 30 साल बाद भी अगर कोई पार्षद बनना चाहता है तो उसका उद्देश्य क्या है। ऐसा क्या है जो निगम से मोह नहीं छूट रहा है।

### मेयर सुनीता दयाल के कुशल नेतृत्व में चल रहा है निगम का सदन

करंट क्राइम। निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने मेयर सुनीता दयाल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मेयर सुनीता दयाल के नेतृत्व में नगर निगम बेहतर तरीके से काम कर रहा है। मेयर के कुशल नेतृत्व में निगम के सभी पार्षद अपने-अपने विषयों के जानकार हैं। उन्होंने कहा कि मेयर सुनीता दयाल को ये बेहतर पता है कि नगर निगम को कैसे चलाना है। वो पारदर्शी छवि के साथ काम कर रही हैं। नामित पार्षदों को लेकर प्रवीण चौधरी ने कहा कि जो भी उम्मीदवार बागी होकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़े थे भले ही उनकी ज्वाइनिंग वापस भाजपा में हो गई हो, लेकिन नामित पार्षद वाले सीन में उन्हें जोड़ा जाना ठीक नहीं है। प्रवीण चौधरी ने कहा कि तकनीकी कारणों से बोर्ड की बैठक नहीं है, कपेज एक२र्यकारिणी की बैठक नहीं हो पाई है। जल्द ही ये बैठक होगी।

# स्कूल को बम से उड़ाने वाले ईमेल से फैली सनसनी

## बम निरोधक दस्ता और पुलिस ने चलाया सर्च अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन अंतर्गत आने वाले शालीमार गार्डन के एक स्कूल में सुबह बम से उड़ाने का धमकी भरा ईमेल मिला। स्कूल प्रशासन ने जैसे ही ईमेल देखा उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने सूचना मिलते ही तत्काल कंट्रोल रूम, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और कई थानों की फोर्स को मौके पर बुलाया। पहले स्कूल को खाली कराया गया और फिर कई घंटे तक जांच और तलाशी अभियान चला। राहत की बात यह रही की स्कूल में किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक या संदिग्ध सामान नहीं मिला है। वहीं डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि ईमेल कहां से आया था और उसका आईपी एड्रेस क्या था, इसकी जांच की जा रही है। बता दें कि इससे पहले भी कुछ समय पहले दिल्ली-एनसीआर के दर्जनों स्कूलों को एक साथ धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे। जिसमें स्कूल को छती पहुंचने के साथ ही बच्चों के जीवन को छीनने का भय दिखाया गया था।

### बच्चों के चेहरों पर दिखाई दी दहशत की झलक

करंट क्राइम : सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद सेंट मैरी स्कूल खुला, तो बच्चों में सनसनी देखने को मिली लेकिन जैसे ही बच्चों को मालूम चला कि स्कूल में बम से उड़ाने वाला धमकी भरा ईमेल आया है, तो बच्चों के चेहरे पर इसका डर और घबराहट भी देखने को मिली। हालांकि कई बच्चे इस बात से अनजान थे कि स्कूल में किस प्रकार का ईमेल भेजा गया है।

### स्कूल कैंपस, कमरों और लाइब्रेरी की हुई जांच

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शालीमार गार्डन के ए ब्लॉक स्थित सेंट मैरी पब्लिक स्कूल को ईमेल से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसकी सूचना पुलिस के अधिकारियों और अन्य को भेजी गई, तो बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड मौके पहुंचा। इस दौरान स्कूल को खाली कराया गया, जहां स्कूल से बच्चों को घर भेजा गया तो उनके परिजन और अभिभावक डर गए। जांच के दौरान स्कूल कैंपस, क्लासरूम और लाइब्रेरी में घंटे तक सर्च ऑपरेशन चला। जिसमें डॉग स्क्वायड व बीटीएस टीम रही लेकिन कोई आपत्तिजनक व संदिग्ध सामान नहीं मिला है। हालांकि इस मामले में शालीमार गार्डन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और मामले की जांच शुरू हो गई है।

# लगेंगे सिफारिशों के समीकरणों में सारे भगवा जोर

## पांच तारीख को होगा विचार जब बैठेगी भाजपा की कमेटी ऑफ कोर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नामित पार्षदों वाले सीन में अब तेजी आ गई है। सूत्र बताते हैं कि पांच फरवरी को कोर कमेटी की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा कोर कमेटी के सभी सदस्य शामिल होंगे। ये बैठक नामित पार्षदों के प्रस्तावित नामों पर चर्चा के लिये होगी। इस बैठक के लिये पर्यवेक्षक बनाए गए पूर्व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य आ रहे हैं। कोर के सीन को लेकर ये माना जा रहा है कि यहां अपने-अपने नामों को लेकर सभी जोर लगाएंगे। जातीय संतुलन पर चर्चा होगी। कार्यकर्ता की कर्मठता, सक्रियता पर चर्चा होगी और पांच फरवरी को होने वाली इस बैठक में काफी कुछ फाइनल होना चाहिए। सूत्र बताते हैं कि मैसेज फॉरवर्ड हो गया है। कोर वाला गेम पूरा सेट हो गया है। जनप्रतिनिधियों ने भी मन बना लिया है कि किस नाम को उन्हें आगे रखना है। ये बैठक रोचक होने जा रही है।

### पहले आएगा नगर पालिका का नाम फिर होगी नगर निगम पर चर्चा

करंट क्राइम। पांच फरवरी को नामित पार्षदों, नामित सभासदों के लिये कोर कमेटी की बैठक होगी। सूत्र बताते हैं कि यहां सबसे पहले नगर पालिका परिषद, फिर नगर पंचायत पर चर्चा होगी और उसके बाद नगर निगम के दस नामों पर चर्चा होगी। इस बैठक में सबसे पहले जिले का नंबर आएगा, फिर महानगर की बारी आएगी। लोनी नगर पालिका परिषद, डासना नगर पंचायत और पतला-निवाड़ी के नामों की चर्चा होगी। नगर निगम से पहले मुरादनगर पालिका परिषद, खोड़ा नगर पालिका परिषद पर चर्चा होनी है।

### विधानसभा की लंबाई-चौड़ाई और वैचारिक खाई

करंट क्राइम। बताया जाता है कि यहां जब कोर की बैठक होगी तो वैचारिक खाई का सीन हो सकता है। वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सबसे खास बात ये है कि विवाद नामों को लेकर नहीं विवाद बड़ी विधानसभा और छोटी विधानसभा का होगा। बड़ी विधानसभा वाले बड़ा प्रतिनिधित्व चाहते हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां अगर नामों की संख्या ज्यादा हो गई तो डिस्प्यूट होगा। बताया जाता है कि रस्साकशी साहिबाबाद विधानसभा और शहर विधानसभा पर होगी। साहिबाबाद विधानसभा सबसे बड़ी विधानसभा है और शहर विधानसभा तथा मुरादनगर विधानसभा छोटी विधानसभा हैं। लिहाजा ऐसे में ये सवाल उठेगा कि बड़ी विधानसभा में नामित पार्षदों की संख्या ज्यादा होनी चाहिए। अंदरखाने टकराव के पूरे चांस बन रहे हैं। विधानसभा की लंबाई-चौड़ाई को लेकर कोर कमेटी में ही वैचारिक खाई बन सकती है।

### हर विधायक दें अपनी विधानसभा से नाम और रखें काम से काम

करंट क्राइम। कोर की बैठक से पहले ही कुछ बातों पर सहमति बन रही है। कुछ बातों पर सहमति बनाने की कोशिश हो रही है। बताया जाता है कि यहां ये प्रस्ताव पहले ही दिया गया है कि जब नामों पर विचार हो तो हर विधायक अपनी विधानसभा के ही नाम दें। वो दूसरी विधानसभाओं में दखल ना करें। अपने काम से काम रखें। लेकिन यहां पर पेंच लोकसभा सांसद और विधान परिषद सदस्यों को लेकर उठेगा। क्योंकि लोकसभा सांसद के नाम पांचों विधानसभा से आएंगे और विधान परिषद सदस्य भी पूरी लोकसभा से नाम दे सकते हैं। ऐसे में जब सबकी दखल हो जाएगी तो फिर विरोध वाली चहल पहल भी हो जाएगी।

### एक बिरादरी से कंसीडर किया जाएगा केवल एक ही नाम

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि आम सहमति बनाने के लिये कोर की बैठक से पहले एक सामान्य सहमति मुद्दों को लेकर बनाई जा रही है। बताया जाता है कि ये बात भी निकलकर सामने आई है तो दस नामित पार्षदों के नामों पर मंथन होगा तो यहां जातीय संतुलन भी साधा जाएगा, बिरादरी पर फोकस भी होगा। लेकिन उससे पहले ही सहमति इस बात को लेकर बन रही है कि हर बिरादरी से केवल एक चेहरा ही लिया जाएगा। कोई बिरादरी रिपीट नहीं होगी। अगर एक त्यागी नाम है तो दूसरा त्यागी नहीं होगा। इसी तरह ब्राह्मण-वैश्य, महिला के एक-एक नाम होंगे। बिरादरी रिपीट नहीं होगी।

### मित्तल चेहरे से लेकर गुर्जर चेहरे को प्रमोट करने की तैयारी

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि नामित वाले गेम के फ्रेम की भूमिका विधायकों ने भी तैयार कर ली है। सूत्र बताते हैं कि यहां एक जनप्रतिनिधि के माध्यम से एक मित्तल चेहरे को प्रमोट करने की तैयारी है। यहां म्यूचियल अंडर इस्टेंडिंग गेम के जरिए जनप्रतिनिधि के साथ मित्तल चेहरे के नाम को आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं एक ओबीसी चेहरे के रूप में किसी गुर्जर चेहरे को लाने की तैयारी है। सूत्र बताते हैं कि एक विधायक युवा चेहरे के रूप में किसी भाटी चेहरे को प्रमोट करेंगे। एक विधायक अपने खास चेहरे की सियासी श्याम को उजाला देंगे। एक विधायक ऐसे हैं जो कोर कमेटी में एक पंजाबी चेहरे और एक त्यागी चेहरे को प्रमोट कर सकते हैं। वहीं इन विधायक के प्रिय विधायक भी अपने खेमे से उन विधायक की विधानसभा से दो त्यागी चेहरों को प्रमोट करेंगे।

### ताकतवर लेडी खेमे से वैश्य और एमएलसी खेमे से मास्टर जी के नाम को ऑक्सीजन देने की तैयारी

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि ताकतवर लेडी खेमे की ओर से वैश्य चेहरे का नाम रखा जाएगा। वहीं एक एमएलसी की ओर से भगवा मास्टर जी को ऑक्सीजन देने की पूरी उम्मीद है। सूत्र बताते हैं कि राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के यहां से अभी इस गेम के खिलाड़ी का नाम सेट नहीं हुआ है।

### कोर वाली कमेटी में नहीं होगी इस बार महामंत्रियों की एंट्री

करंट क्राइम। पांच तारीख को कोर कमेटी की बैठक होगी। सूत्र बताते हैं कि इस बार कोर वाले सीन से महामंत्रियों को बाहर किया गया है। कोर की बैठक होगी तो इसमें महामंत्रियों की एंट्री नहीं होगी। उन्हें शामिल नहीं किया गया है।

### कोर के बाद भी लगेंगे लखनऊ और दिल्ली में जोर

करंट क्राइम। कोर की बैठक में अगर नाम फाइनल हो भी गए तो भी सूत्र बताते हैं कि दिल्ली और लखनऊ में जोर लगेंगे। क्योंकि यहां से नाल लखनऊ जाएंगे और जरूरी नहीं है कि घोषणा अभी हो जाए। इसके बाद लखनऊ और दिल्ली में फील्डिंग लगेगी। कई वरिष्ठ चेहरे भी नामित बनना चाहते हैं। कई बागी भी नामित बनने की हसरत लिये हुए हैं। कई नामित वालों की तमन्ना ये है कि हमें रिपीट किया जाए। वो कोरोना काल का तर्क दे रहे हैं और कह रहे हैं कि हमें प२कार्यकाल बहुत कम समय का मिला था।

## महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने किया दोनों सदनों में जमकर हंगामा

# कुंभ भगदड़ में मौतों का सही आंकड़ा बताए सरकार : खड़गे

### राज्यसभा से विपक्ष का वॉकआउट, 1 घंटे बाद वापस आए

### सपा प्रमुख बोले- बजट से ज्यादा मरने वालों का डेटा जरूरी

### भगदड़ पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

### मौनी अमावस्या को हुई थी महाकुंभ में भगदड़





**नई दिल्ली।** संसद में बजट सेशन के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया। योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बयान वापस लेने को कहा।

जवाब में खड़गे ने कहा कि, 'यह मेरा अनुमान है। अगर आंकड़े सही नहीं है तो सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है। मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा। लेकिन कितने लोग मारे गए, कम से कम यह जानकारी तो दीजिए। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा।'

उधर, लोकसभा में भी कुंभ हादसे पर हंगामे को लेकर स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने कहा- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने अपनी स्पीच में महाकुंभ का जिक्र किया है। अभी प्रश्नकाल है, दूसरे किसी भी विषय पर चर्चा नहीं हो सकती। जनता ने आपको सवाल पूछने के लिए संसद भेजा है, मेज तोड़ने के लिए नहीं। आप अपने सवाल रखें।

इसके बाद भी विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। वे लगातार नारा लगा रहे थे- सरकार कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जारी करे। केंद्र सरकार होश में आओ। योगी सरकार इस्तीफा दो। सनातन विरोधी सरकार इस्तीफा दो। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट किया, हालांकि कुछ देर बाद वे वापस आ गए।

विपक्ष के हंगामे पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा- महाकुंभ में हुई घटना की जांच चल रही है। जांच से साजिश की बू आ रही है। जब पूरी जांच हो जाएगी तो घटना के पीछे जो लोग थे, उन्हें शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा।

राज्यसभा में प्रमोद तिवारी और दिग्विजय सिंह (कांग्रेस), सागरिका घोष (टीएमसी), जावेद अली और रामजी लाल सुमन (सपा) और जॉन ब्रिटास (सीपीआई) ने महाकुंभ मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए कार्यवाही स्थगन के नोटिस दिया था।

मांग पूरी न होने पर विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा- ₹हम एक घंटे के लिए सदन से वॉकआउट कर गए। हम फिर से वापस आएंगे और मुद्दे को उठाएंगे। हमें फोन आ रहे हैं, लोग रो रहे हैं, वे अपने परिवारों से नहीं मिल पा रहे हैं। हम जानना चाहते हैं कि मृतकों की लिस्ट क्यों जारी नहीं की गई।

सपा सांसद जया बच्चन ने कहा, ₹इस देश में अभी सबसे बड़ा मुद्दा है महाकुंभ भगदड़ की घटना है। उन्हें मृतकों की सही संख्या बतानी चाहिए और जनता को सफाई देनी चाहिए...उन्होंने झूठ बोला। व्यवस्थाएं आम आदमी के लिए नहीं बल्कि श्क्ल के लिए था।

**लोकसभा में विपक्ष का हंगामा- स्पीकर से कहा, मौत का आंकड़ा जारी करें :** लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर शोरगुल और नारेबाजी की। बढ़ते हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कहा- राष्ट्रपति जी ने अपनी स्पीच में महाकुंभ का भी जिक्र किया है। अभी प्रश्नकाल है, इसलिए इस समय दूसरे किसी भी विषय पर चर्चा नहीं हो सकती। अपने सवाल रखें।

इसके बाद भी विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। वे लगातार नारा लगा रहे थे- सरकार कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जारी करे। केंद्र सरकार होश में आओ, होश में आओ। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सांसदों से तल्ख अंदाज में पूछा- आपको जनता ने यहां सवाल पूछने भेजा है कि मेज तोड़ने, अगर मेज तोड़ने भेजा है तो और जोर से मारिए।

प्रश्नकाल खत्म होने के बाद कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और एसपी सहित विपक्षी सदस्य कुछ देर के लिए बाहर चले गए। वे बाद में वापस आ गए। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बजट सत्र के पहले दिन कहा था कि हमारे लिए बजट के आंकड़ों से ज्यादा महाकुंभ में मची भगदड़ में मरने वालों का डेटा महत्वपूर्ण है। सरकार यह नहीं बता पा रही है कि कितने लोग मरे, लापता हुए या घायल हुए। क्या यही है आपके विकसित भारत की परिभाषा कि भगदड़ में लोग मरेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गाइडलाइन्स जारी करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने यूपी सरकार की दलील पर यह आदेश दिया। यूपी सरकार ने बताया था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में पहले ही इस तरह की याचिका दायर की जा चुकी है।

## महाकुंभ हादसे में षड्यंत्र की बू आ रही : रविशंकर

**नई दिल्ली।** महाकुंभ हादसे को लेकर सोमवार को विपक्ष ने संसद में जमकर हंगामा किया। विपक्ष की मांग है कि स्थगन प्रस्ताव लाकर महाकुंभ हादसे पर चर्चा की जाए और मृतकों की संख्या की पुष्टि की जाए। विपक्ष ने राज्यसभा से इस मुद्दे पर वॉकआउट भी किया। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आशंका जताई कि महाकुंभ हादसे में षड्यंत्र हो सकता है और हादसे की जांच के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। वहीं सपा सांसद जया बच्चन ने महाकुंभ हादसे को लेकर बेतुका बयान दिया और कहा कि इस वक्त सबसे दूषित पानी कुंभ का है क्योंकि भगदड़ के बाद लोगों के शव गंगा में बहाए गए।



रविशंकर प्रसाद ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि 'राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में महाकुंभ की भी चर्चा की। कल रात तक खबर मिली कि 35 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। उन्होंने हादसे पर दुख भी जताया, लेकिन उस हादसे की भी जांच चल रही है और उसमें भी षड्यंत्र की बू आ रही है। जब पूरी जांच हो जाएगी तो वो हादसा किसने करवाया, उन्हें शर्म से झुकना पड़ेगा।'

भाजपा सांसद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ये कुंभ और सनातन का नाम सुनते ही इन्हें परेशानी क्यों हो जाती है। लेकिन मैं एक बात इस सदन में साफ करना चाहता हूं कि सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। हजारों साल में तो लोग सनातन को कमजोर कर नहीं सके तो ये लोग क्या हैं।'

## विदेश नीति पर राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हंगामा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में चर्चा के दौरान नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसी बातें कही, जिन पर सदन में हंगामा हुआ और सत्ता पक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई। दरअसल राहुल गांधी ने कहा कि चीन भविष्य की तकनीक पर तेजी से काम कर रहा है, लेकिन भारत उसमें बहुत पीछे है। राहुल गांधी ने चीन के सीमा पर आक्रामक रुख और भारतीय विदेश नीति को लेकर सरकार की तीखी आलोचना की।



राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि 'चीन आज एआई, बैट्री, इलेक्ट्रिक कार, ऑप्टिक्स के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन हम इसमें पीछे हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण में इस मुद्दे पर बात होनी चाहिए थी। साथ ही हमारे बैंकिंग सेक्टर पर दो या तीन बड़ी कंपनियों का ही प्रभाव नहीं होना चाहिए और छोटी और मध्यम वर्ग की कंपनियों को भी बैंकिंग सेक्टर तक आसान पहुंच होनी चाहिए। अगर ऐसा होता तो हमारे विदेश मंत्री को तीन-चार बार अमेरिका जाकर ये नहीं कहना पड़ता कि हमारे प्रधानमंत्री को आमंत्रित करें।' राहुल गांधी ने कहा कि 'अगर हमने इन क्षेत्रों में काम किया होता तो अमेरिका खुद हमारे प्रधानमंत्री को आमंत्रित करता।'

राहुल गांधी के इस बयान पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 'नेता विपक्ष बिना किसी तथ्यों और सबूतों के ऐसे गंभीर आरोप न लगाएं। ये दो देशों के बीच के संबंधों का मामला है। ऐसे में आधारहीन आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों अपने शपथ ग्रहण समारोह में चीन के राष्ट्रपति को आमंत्रित किया था, लेकिन भारत से विदेश मंत्री एस जयशंकर, ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। राहुल गांधी के बयान को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

राहुल गांधी ने चीन के सीमा पर आक्रामक रुख को लेकर भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 'चीन की सीमा पर आक्रामकता को लेकर सैन्य अधिकारियों के बयानों में अंतर है। चीन ने हमारी सीमा में घुसपैठ की है, इस बात से प्रधानमंत्री इनकार कर रहे हैं, लेकिन सेना ने पीएम के बयान से असहमति जताई है।' इस पर भी सत्तापक्ष ने आपत्ति जताई और दावा किया कि नेता विपक्ष बिना तथ्यों के आधारहीन बात कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने भी राहुल गांधी से उनके बयान के पक्ष में सबूत देने की मांग की।

राहुल गांधी ने कहा कि 'आज लड़ाई औद्योगिक स्तर पर लड़ी जा रही है और चीन इस मामले में हमसे आगे है और इसी ताकत के दम पर भारत पर दबाव बना रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर हम चीन से लड़ाई लड़ते हैं तो हमें चीन की बैट्री, इलेक्ट्रिक मोटर्स, चाइनीज ऑप्टिक्स से भी लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

## लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय बिल पेश



**नई दिल्ली।** सहकारी समितियों के लिए योग्य जनशक्ति तैयार करने के उद्देश्य से सरकार ने सोमवार को लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक पेश किया। सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर की तरफ से पेश किए गए विधेयक के अनुसार, सहकारी क्षेत्र में वर्तमान शिक्षा और प्रशिक्षण का बुनियादी ढांचा सहकारी समितियों में योग्य जनशक्ति और मौजूदा कर्मचारियों के क्षमता निर्माण की वर्तमान और भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए 'खंडित और अत्यधिक अपर्याप्त' है।


इस विधेयक में कहा गया है कि यह आवश्यक है कि सहकारी समितियों में प्रबंधकीय, पर्यवेक्षी, प्रशासनिक, तकनीकी और परिचालन जैसी कई श्रेणियों की नौकरियों के लिए पेशेवर रूप से योग्य जनशक्ति की स्थिर, पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करके शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक व्यापक, एकीकृत और मानकीकृत संरचना बनाई जाए। प्रस्तावित विश्वविद्यालय अखिल भारतीय और केंद्रित तरीके से सहकारी क्षेत्र में कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों की क्षमता निर्माण के लंबे समय से लंबित मुद्दे को भी हल करेगा।

जानकारी के मुताबिक, विधेयक के तहत गुजरात के आणंद में ग्रामीण प्रबंधन संस्थान को त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के रूप में विश्वविद्यालय की स्थापना करने और उसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने का प्रावधान है।

## दिल्ली चुनाव में पीएम की पाठशाला

### 'छात्रों के भविष्य को नुकसान पहुंचा रही आप सरकार'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार की कड़ी आलोचना की। पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि आप की सरकार छात्रों के भविष्य से ज्यादा अपनी छवि को प्राथमिकता दे रही है। सरकार अपनी छवि बचाने के लिए सिर्फ उन्हीं छात्रों को नौवीं कक्षा से आगे जाने देती है जो अच्छे अंक लाते हैं।



**पीएम ने कहा कि गलती से भी आप-दा नहीं आ जाए। आप-दा को छोड़कर उनके पार्टी के लोग जा रहे है। वो यह जान गए है कि ग्राउंड पर जनता उनसे नाराज ही नहीं नफरत करती है। दिल्ली के लोगों के गुस्से से पूरी पार्टी इतनी घबरा गई है कि हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही है।**

पीएम मोदी ने छात्रों से बातचीत के दौरान कहा कि मैंने सुना है कि दिल्ली में सरकार बच्चों को 9वीं कक्षा से आगे नहीं जाने देते हैं। सिर्फ उन्हीं बच्चों को जाने दिया जाता है जो पास होने की गारंटी रखते हैं। ताकि रिजल्ट खराब न हो।

इससे पहले आरके पुरम में चुनावी रैली में कहा कि वोटिंग से पहले "झाड़ू" के तिनके-तिनके बिखर गए है। आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल के आरोप पर पीएम मोदी ने दो टूक कहा कि मोदी की गारंटी है झुग्गी नहीं टूटने देंगे। आप-दा वाले अफवाह फैला रहे हैं, याद रखिएगा दिल्ली एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी, जनहित की जो योजनाएं चली आ रही हैं उनमें किसी को बंद नहीं किया जाएगा। बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आएगा-दिल्ली के हर परिवार को दी गारंटी, कहा सेवा का मौका दें, हर मुसीबत व परेशानी को समाप्त करने में खप जाऊंगा

पीएम ने कहा कि गलती से भी आप-दा नहीं आ जाए। आप-दा को छोड़कर उनके पार्टी के लोग जा रहे है। वो यह जान गए है कि ग्राउंड पर जनता उनसे नाराज ही नहीं नफरत करती है। दिल्ली के लोगों के गुस्से से पूरी पार्टी इतनी घबरा गई है कि हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही है। उनका नकाब उतर गया है। दिल्ली में रहने वाली बहने, ऑटो वाले कह रहे है कि दस साल से यह झूठी घोषणाओं पर वोट मांग रहे है। अब यह झूठ नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे। एक तरफ आपदा की झूठी घोषणाएं है दूसरी तरफ आपका सेवक (नरेंद्र मोदी) है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। जो भी कहते है वह कर के दिखाते है।

इस दौरान पीएम मोदी ने एक फरवरी को पेश किए गए बजट का भी जिक्र कर मध्यम वर्ग को अपने पाले में करने की पूरी कोशिश की। कहा कि यह बजट मिडिल क्लास के लिए सबसे फ्रेंडली बजट है। भारत के इतिहास में मध्यम वर्ग के लिए ऐसा बजट नहीं पेश हुआ। पहले बजट का नाम सुनते ही पांच दिन पहले मध्यम वर्ग के लोगों की नींद उड़ जाती थी। यह केंद्र की भाजपा सरकार ही है जिसने 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर इनकम टैक्स पूरी तरह जीरो कर दिया है। इतनी बड़ी राहत पहले कभी नहीं मिला।

पीएम मोदी ने कहा, देश की आर्थिक शक्ति बढ़ रही है। सभी की मुसीबत को दूर करने की गारंटी है। दिल्ली में अब ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है, जो लड़ाई-झगड़े के बजाय दिल्ली के लोगों की सेवा करे।

जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। बजट से दिल्ली के बुजुर्ग को भी बड़ा फायदा होगा। सेवानिवृत कर्मचारियों का टैक्स भी कम होगा और उनकी पेंशन भी बढ़ बढ़ेगी।

## विश्व पुस्तक मेला : बच्चों के लिए खेल-खेल में गणित-विज्ञान का पिटारा

**नई दिल्ली।** अगर बच्चे मोबाइल के पीछे भागते हैं और बात-बात पर उनकी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की मांग से आप परेशान हैं तो प्रगति मैदान में आयोजित नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में उन्हें इस आदत से छुटकारा दिलाया जा सकता है। यहां वो खेल-खेल में गणित-विज्ञान और घड़ी देखना सीखेंगे और रंगों की पहचान भी कर पाएंगे। पजल गेम्स के जरिये इनके दिमाग का अभ्यास होगा और उसे तेजी मिलेगी।





मेले में तमाम ऐसी गतिविधियां हैं, जिनके जरिये बच्चे डूडल बनाना, कैलीग्राफी, हैंडराइटिंग जोन में लिखना, पपेट बनाना समेत अन्य दूसरी आर्ट-क्राफ्ट से जुड़े काम सीखेंगे। माहौल को हल्का करने के लिए जगह-जगह कार्टून करैक्टर भी हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट की तरफ से यहां खास तरह के शिक्षक भी बुलाए गए हैं, जो उन्हें इंटरेक्टिव गतिविधियों के बीच बच्चों को विज्ञान-गणित के करीब लेकर सिखाएंगे।

इस मंडप में हंसी-मजाक का नजारा भी है और खेल-खेल में गणित-विज्ञान का पिटारा भी। तरह-तरह के शैक्षणिक खिलौने भी यहां आए हैं। इनमें त्रिकोण, गोला और वर्ग की पहचान करने के लिए लकड़ी के खिलौने, ट्रिक पजल, फिशिंग रॉड के जरिये संख्या ज्ञान, लकड़ी से बने खिलौने हैं।

**टास्क पूरा करने की कला भी सीखेंगे :** इसमें बच्चे किसी टास्क को पूरा करने की कला भी खेल से ही सीखेंगे। घड़ी के टुकड़ों को जोड़कर उसका आकार बनाना और फिर घड़ी देखना सीखना, रेनबो (इंद्रधनुष) रंग की पहचान करने के लिए 2,000 से ज्यादा शैक्षणिक खिलौने एक छत के नीचे मौजूद हैं। किताबों के कवर से लेकर अंदर के पन्नों तक को तरह-तरह के क्रिएटिव कॉन्सेप्ट में तैयार किया है। एनिमेशन के इस्तेमाल से परी कथाएं, बच्चों में फेमस कार्टून कैरेक्टर वाली स्टोरी, फल, फूल, जानवरों, पक्षियों की जानकारी को पन्नों पर बनाया गया है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव : 2027 में हमारी सरकार आई तो अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में विकास के नाम पर लोगों से जमीनें छीनी और लोगों को मुआवजा नहीं दिया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जब सपा की सरकार बनेगी तो हम अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अयोध्या में खरीदी गई जमीनों की सूची जारी कर दें तो पता चल जाएगा कि सबसे बड़ा भूमाफिया कौन है? सबसे बड़े भूमाफिया भाजपा के लोग ही हैं। अयोध्या में फाइव स्टार होटल बनाने के लिए जमीन ली गई पर गरीबों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि ये तो भाजपा के लोग भी जानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसी के नहीं हैं। वो भाजपा वालों के भी नहीं हैं। वो सिर्फ परिस्थितियों के अनुसार काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रही है। इसके लिए अफसरों की तैनाती की जा चुकी है। अफसरों में पीडीए के लोग नहीं हैं। अखिलेश यादव ने महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मुख्यमंत्री योगी गूगल पर सर्च करना नहीं जानते हैं। अगर जानते हों तो गूगल पर महाकुंभ टाइप करें पता चल जाएगा कि कितनी जगह भगदड़ मची है।

## कुलदीप सिंह सेंगर को दो दिन की अंतरिम जमानत



उन्नाव दुष्कर्म मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा से निष्कासित विधायक और आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर को दो दिन की अंतरिम जमानत दी। सेंगर की 4 फरवरी को एम्स में सर्जरी होनी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने उन्हें 5 फरवरी को सरेंडर करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि उनकी सजा निलंबित कर दी। सेंगर की मोतियाबिंद की सर्जरी मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में होनी है। इसलिए राहत दी है। कोर्ट ने उन्हें पांच फरवरी को जेल अधिकारियों के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया है।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)
पत्रांक : 4/उद्यान/25 दिनांक : 30/01/2025
"ई-निविदा आमंत्रण सूचना"
उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न कार्यो हेतु ई-निविदाऐं दिनांक 06.02.2025 से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व नियम/शर्ते गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.gdaghaziabad.in पर उपलब्ध हैं एवं UPLC की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर निविदा विक्रय की तिथि उपलब्ध होगी। सम्बन्धित निविदाओं को ई-निविदा आमन्त्रण सूचना में उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा में कोई भी संशोधन / परिमार्जन / परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाओं को प्राधिकरण की वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।
प्रभारी उद्यान
ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb
हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएपः 9990988004 वेबसाईटः www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 4 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पुलिस भी बना रही है प्लान, सड़कों पर ना लगे बाजार मगर बदले जाएंगे साप्ताहिक बाजारों के स्थान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने कमिश्नरेट के सभी डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया था कि उनके इलाके में लगने वाले सभी प्रकार के साप्ताहिक बाजार मुख्य मार्ग व प्रमुख सड़कों पर नहीं लगने चाहिए। इसको लेकर पुलिस ने सख्ती शुरू की तो कुछ जगह विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिली है। वहीं बीते दिनों बड़ी संख्या में विजयनगर और लाइन पार क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार से जुड़े व्यापारियों ने सदर विधायक से भी मुलाकात की थी। हालांकि उस समय विधायक संजीव शर्मा आवास पर मौजूद नहीं थे, पर उन्होंने फोन पर बातचीत करते हुए उनकी समस्या के समाधान को उठाने आश्वासन दिया था। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि फिलहाल साप्ताहिक बाजार लगने दिए जाएंगे। वहीं प्रत्येक थानाक्षेत्र में नगर निगम, जीडीए और अन्य विभाग से स्थान पूछा जा रहा है। जहां पर साप्ताहिक बाजारों को शिफ्ट किया जा सके। पुलिस के अधिकारियों की कोशिश है की प्रमुख मार्गों और चौराहों पर बाजार न लगे दिए जाएं। दरअसल बाजार लगने से जहां लोगों को आने-जाने में असुविधा होती है। तो वहीं जाम से जनजीवन प्रभावित होता है और स्थानीय लोग भी इसे दो-चार होते हैं।

### नगर निगम साप्ताहिक बाजारों को लेकर बनाएगा पॉलिसी : महापौर

करंट क्राइम : नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि शहर के अधिकतम वार्डों में साप्ताहिक बाजार लग रहे हैं। जिससे आने-जाने का रास्ता बंद हो जाता है, स्थानीय लोग परेशान होते हैं। उन्हें घर से बाहर जाने के लिए जाम से दो-चार होना पड़ता है और कई बार आपात स्थिति में परेशानियां बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा है कि नगर निगम भी पॉलिसी बनाकर पैठ बाजार संचालित करेगा। इसके साथ ही उन्होंने व्यापारियों और पैठ बाजार से जुड़े दुकानदारों को भरोसा दिलाया है कि उनका रोजगार नहीं छीना जाएगा। उनपर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होगी, बस इनको व्यवस्थित ढंग से शुरू करवाएगा।



### तैयार हो रही है हर जोन में बाजारों की लिस्ट और दुकानदारों की संख्या

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रत्येक जोन के अंतर्गत हर दिन आधा दर्जन के आसपास बाजार प्रमुख रूप से अलग-अलग इलाकों में लगाए जाते हैं। इन बाजारों में बड़ी संख्या में दुकानदार और स्थानीय लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि ट्रांस हिंडन, सिटी और ग्रामीण जोन के अंतर्गत प्रत्येक सर्किल और थाना क्षेत्र में प्रतिदिन कितने बाजार और कहां-कहां लगते हैं। इसमें दुकानदारों की संख्या कितनी है और कितने लोग इससे जुड़ते हैं, ऐसी लिस्ट तैयार की जा रही है। फिर उनके लिए एक स्थान होगा, वहीं पर वह बाजार लगाएंगे। मुख्य मार्गों और सड़क पर बाजार लगाने वाले दुकानदारों पर फिर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### सिटी से लेकर देहात तक लगते हैं सवा सौ से अधिक बाजार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग जोन और थानाक्षेत्र में साप्ताहिक बाजार लगते हैं। सिटी जोन के अंतर्गत जहां सोमवार के दिन ही कई स्थानों पर बाजार लगते हैं। इसमें शास्त्री नगर, चिरंजीवी विहार, राजनगर सेक्टर-10, नंदग्राम और विजयनगर के इलाके का बाजार शामिल है। तो इसी प्रकार ट्रांस हिंडन जोन में भी सोम बाजार वसुंधरा में लगता है। इसके साथ ही इंदिरापुरम में भी अलग-अलग दिन बाजार लगते हैं। कौशांबी में बड़ा बाजार लगता है, साहिबाबाद के भी कई इलाकों में बाजार लगते हैं। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत एक सप्ताह के दौरान लगभग सवा सौ से अधिक साप्ताहिक और दैनिक बाजार हैं, जो संचालित हो रहे हैं।

### साप्ताहिक बाजारों पर निगम और पुलिस रखेगी ध्यान नहीं होने पाए उगाही

करंट क्राइम : नगर निगम और पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है की साप्ताहिक बाजार और प्रमुख बाजारों का स्थान तय कर उनको दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। फिर वहां पर समय-समय पर नगर निगम और पुलिस निगरानी रखेगी कि वहां से कोई व्यक्ति उगाही ना कर पाए। दरअसल पूर्व में भी नगर निगम और पुलिस के पास बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें आई हैं कि कुछ लोग दबंगई और अपना रसूक दिखाते हुए बाजारों से अवैध उगाही करते हैं। वह न सिर्फ नगर निगम और पुलिस को बदनाम करते हैं बल्कि इसमें कई तरीके के अन्य संरक्षण प्राप्त लोग भी शामिल रहते हैं। कुल मिलाकर नगर निगम और पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर लगने वाले जाम और इससे होने वाली असुविधा को खत्म करने के लिए साप्ताहिक बाजारों को दूसरी जगह पर शिफ्ट करने का प्लान बना रहा है।

### निगम का प्रयास सड़कों पर न फैले गंदगी और अतिक्रमण

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि नगर निगम जो साप्ताहिक बाजार और पैठ बाजार के लिए पॉलिसी लेकर आएगा। उसमें निगम का प्रयास रहेगा कि सड़कों पर गंदगी ना फैले, अतिक्रमण न हो। इसी वजह से इन बाजारों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने का विचार चल रहा है। बता दें कि प्रत्येक वार्ड और इलाके में ऐसे उपयुक्त स्थान हैं ,जहां पर इन साप्ताहिक बाजारों को शिफ्ट किया जा सकता है। इससे न तो जाम की समस्या पैदा होगी और न आम जनमानस को किसी प्रकार का नुकसान होगा।

## सांसद अतुल गर्ग ने कहा नामित वाले सीन में विधायक भी शुरू करें इस बार ये पहल मेरी कोशिश आम सहमति की और जनप्रतिनिधि ना दें ज्यादा दखल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष का नाम फाइनल हो गया है और बस घोषणा का इंतजार है। इसी बीच नामित पार्षदों के नाम चुनने का फरमान आ गया। यहां से नाम जाने हैं और नामों को लेकर खेमाबंदी होनी शुरू हो गई है। दस नाम जाने हैं और सौ दावेदार तैयार हैं। गौरतलब है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अध्यक्ष पद के लिये कहा था कि इसमें जनप्रतिनिधियों को दखल नहीं देनी चाहिए। उन्होंने मंडल अध्यक्षों वाले पैनल में भी अपने किन्हीं भी नामों का भी चैनल नहीं चलाया था। अब जब नामित पार्षद वाली कोर बैठेगी तो इस कोर कमेटी में सांसद अतुल गर्ग भी होंगे। क्या इस बार वो नामित पार्षदों वाले सीन में दखल देंगे। क्या उनके पास भी कोई नामों वाली लिस्ट है। इन सभी बातों को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने सांसद अतुल गर्ग से बात की। उनसे ये जाना कि क्या आप नामित पार्षदों वाले मामले में अपने कोई नाम रखेंगे। यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मैं पूरी कोशिश करूंगा कि नामित पार्षदों वाले मामले में दखल ना दें।

उन्होंने कहा कि मेरा पूरा प्रयास ये रहेगा कि कोर कमेटी में आम सहमति बनें और आम सहमति से नाम जाएं। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी निगम कार्यकारिणी में भी दखल नहीं दिया था। मेरी कोशिश यही है कि नामों को लेकर, कामों को लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच किसी वाद-विवाद की स्थिति नहीं आनी चाहिए। आम सहमति होनी चाहिए। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मेरी कोशिश यही रहेगी कि विधायक भी इसी लाइन पर चलें। वो एक नई पहल करें और संगठन के कामों में ज्यादा दखल ना करें। जो भी नाम हैं उन्हें आपसी सहमति के आधार पर तय कर लें और यह आपसी सहमति ही संगठन को मजबूती देती है।

## शहर विधायक संजीव शर्मा रहेंगे लाइन के इस पार भी और उस पार भी

### आशियाना रहेगा लाइन के उस पार और दफ्तर तलाश लिया है लाइन के इस पार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव शर्मा ने जब शहर विधानसभा के लिये दावेदारी की तो वो सबसे पहले नदिया के उस पार से इस पार आए। यहां उन्होंने शहर विधानसभा में लाइन के इस पार आकर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में माथा टेका और कथा का आयोजन किया। इसके बाद जब उनका टिकट हो गया और वो विधायक हो गए तो वो लाइन के उस पार ज्यादा निकट हो गए। उन्होंने वहां पर अपना आवास बनाया और रोज जनता दरबार लाइन पार में ही लग रहा है। अब ये आवाज उठने लगी कि राजनीति केवल लाइन पार की ही तो नहीं होनी है। वोटर तो लाइन के उस पार भी रहते हैं और इस पार रहते हैं और कनेक्टिविटी बनाकर रखनी चाहिए। शहर विधायक लाइन के इस पार के भी तो हैं। वोट तो इस पार वालों ने भी दिये हैं। संजीव शर्मा एक ऐसे अध्यक्ष रहे हैं और एक ऐसे विधायक हैं जो अपनी कार्यशैली में किसी भी विरोध को ज्यादा उभरने का मौका नहीं देते।

सूत्र बताते हैं कि संजीव शर्मा ने बैलेंस साधने की तैयारी कर ली है। वो अब लाइन के इस पार भी जनता के बीच दिखेंगे और लाइन के उस पर भी पब्लिक से कनेक्टिविटी बनी रहेगी। सूत्र बताते हैं कि लाइन के उस पार को साधने के बाद अब इस पार रहने की योजना तैयार कर ली है।

सूत्र बताते हैं कि यहां उन्होंने ऑप्यूलेंट मॉल के सामने दफ्तर तलाश लिया है। यहां वो जनता से मिलेंगे, समस्याएं सुनेंगे, समाधान करेंगे। बताया जाता है कि शहर विधायक आधे दिन लाइन के उधर और आधे दिन लाइन के इधर रहेंगे। जो नया दफ्तर देखा गया है जल्द ही इसका उद्घाटन होगा।

## क्रॉसिंग डूंडाहेड़ा में निगम ने कब्जा मुक्त कराई 200 करोड़ की 40 हजार वर्ग मीटर भूमि, चला अभियान










**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में निगम की भूमि पर अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही निरंतर कर रहा है।

इसी क्रम में ग्राम डूंडाहेड़ा क्रॉसिंग में 40000 वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है, जिसकी कीमत 200 करोड़ आंकी जा रही है। मौके पर अभियान के दौरान पल्लवी सिंह संपत्ति प्रभारी तथा संपत्ति अधीक्षक रामशंकर व प्रवर्तन दल भी उपस्थित रहा। अभियान में पुलिस बल का भी विशेष सहयोग रहा है।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त के निर्देशानुसार निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है। क्रॉसिंग डुंडाहेड़ा ग्राम में भी अभियान चलाया गया, खसरा नंबर 122, 123, 129, 304, 305, 306/7, 307 308 को कब्जा मुक्त कराया गया कब्जा मुक्त करने में काफी मशक्कत रही, कब्जा करने वालों ने उक्त भूमि पर अपने पट्टे बताये, पट्टे को एसडीएम द्वारा भी निरस्त किया जा चुका है तथा माननीय हाई कोर्ट में भी कब्जा करने वालों की हार हो चुकी है। निगम द्वारा अभियान चलाते हुए बड़ी जीत हासिल की है, जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग मिला है।

नगर आयुक्त द्वारा निगम की रिक्त भूमि को इसी प्रकार अभियान चलाते हुए कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए गए। निगम की रिक्त भूमि शहर हित में ही इस्तेमाल में ली जाएगी जिसका निर्णय सदन द्वारा लिया जाएगा जो सभी शहरवासियों के लिए लाभकारी होगा। संबंधित टीम को लगातार इसी क्रम में अभियान जारी रखने के लिए कहा गया।

## मधुबन बापूधाम पुलिस की हुई ऑटो में लूटपाट करने वाले गैंग से दिनदहाड़े मुठभेड़, दो बदमाश गिरफ्तार

### करीब 40 किलोमीटर में लगे 200 कैमरों की जांच के बाद हुई थी दोनों बदमाशों की पहचान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट में सिटी जोन के अंतर्गत पुलिस बदमाशों पर कार्रवाई करने का काम कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। इसमें एक बदमाश के पैर पर गोली लगी है। पकड़े गए आरोपी बैंकर और विस्टा दोनों ऑटो में बैठी सवारियों के साथ लूटपाट किया करते थे। बीते दिनों उन्होंने एक महिला के साथ लूट की थी। एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह ने जानकारी दी है कि मधुबन बापूधाम थानाध्यक्ष शैलेंद्र तोमर और उनकी टीम ने करीब 40 किलोमीटर में लगे 200 कैमरों की जांच के बाद दोनों बदमाशों की पहचान की थी। जिनसे सोमवार को दिनदहाड़े पुलिस की मुठभेड़ हुई।

### बहुत दिनों बाद दिनदहाड़े हुई है सिटी में पुलिस मुठभेड़



करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह के सर्किल में आने के बाद पुलिस फिर एक बार एक्टिव मोड में नजर आ रही है। सिटी जोन या यूं कहा जाए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लंबे समय बाद पुलिस और बदमाशों की दिनदहाड़े उजाले में मुठभेड़ हुई है। पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश जख्मी हुआ है। तो उसका साथी भी पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार किया है। बीते कुछ दिनों में सिटी पुलिस द्वारा एक के बाद एक बड़े खुलासे और बदमाशों के एनकाउंटर करने का सिलसिला जारी है।



### पहले भी वारदात कर चुके हैं आरोपी अंकित और अमित

करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार अमित और अंकित दोनों वर्तमान में नंदग्राम में रह रहे थे। अमित पर नंदग्राम में चोरी के दो मुकदमे, सिहानी गेट में चार मुकदमे सहित कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। तो वहीं अंकित पर भी दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा 315 बोर ,जिंदा कारतूस, खोखे, लूट का मोबाइल, घटना में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद किया है। अमित व अंकित बैकर यानी पीछे बैठने के दौरान सवारी को घेरने व बिस्टा लूटपाट का काम करता था।

## साप्ताहिक बाजार का विरोध पड़ा सपा नेता को भारी संगठन वालों ने कवि नगर थाने पहुंचकर छुड़वाया

### सपा जिलाध्यक्ष ने पुलिस के अधिकारियों से की वातार्लप तब निकला समाधान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों पुलिस के अधिकारियों ने मुख्य मार्ग और सड़क पर साप्ताहिक बाजार बंद किए जाने का निर्देश दिया था। इसका विरोध समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के अध्यक्ष जीतू शर्मा ने किया और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

तो पुलिस ने भी उनपर कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। उधर जीतू शर्मा और उनके परिजनों का आरोप था कि पुलिस उनको रविवार की रात घर से जबरदस्ती उठा लाई थी। वहीं यह जानकारी जब सोमवार को समाजवादी पार्टी के अन्य पदाधिकारियों और जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन को हुई तो वह पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ कवि नगर थाने पहुंचे। वहां एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह और थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक से बातचीत की। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि वह साप्ताहिक बाजार बंद नहीं होने देंगे। वह व्यापारियों के साथ हैं। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस द्वारा सपा पदाधिकारी पर की गई कार्रवाई को लेकर अधिकारियों से भी बातचीत की, जिसके बाद उन्हें रिहा किया गया।





### फैजल हुसैन ने कहा सपा व्यापारियों के साथ, नहीं होने देंगे अन्याय

करंट क्राइम : सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन अपने पदाधिकारी के साथ कवि नगर थाने पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों और एसीपी से मुलाकात की। इस दौरान फैसल हुसैन ने कहा है कि उन्होंने सपा पदाधिकारी जीतू शर्मा की गिरफ्तारी का विरोध किया है। तो इसके साथ ही व्यापारियों और साप्ताहिक बाजार से जुड़े लोगों से बातचीत की। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा है कि समाजवादी पार्टी उनके साथ है। इस तरीके से बाजार बंद नहीं होने देंगे, इसके साथ ही अधिकारियों से भी मांग की गई है की साप्ताहिक बाजार का स्थान परिवर्तित किया जाए ताकि सैकड़ो व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उधर पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जीतू शर्मा द्वारा जो पत्र लिखा गया था, उसकी भाषाशैली ठीक नहीं थी। बता दें कि इससे पहले पुलिस उनपर हिस्ट्री सीट भी खोल चुकी है व उनपर कई मुकदमें भी दर्ज हैं।

## संपादकीय

# फिर से व्यापार युद्ध

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में टैक्स छूट से मध्य वर्ग खुश हुआ है, लेकिन ट्रंप की व्यापार युद्ध की घोषणाओं से भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत को व्यापार संतुलन बनाए रखने और ग्लोबल इकॉनमी पर संभावित नकारात्मक असर के लिए तैयार रहना होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में टैक्स छूट के तोहफे से मध्य वर्ग को खुश कर दिया। इससे खपत में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है, लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25% और चीन पर 10% आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर जिस तरह के व्यापार युद्ध की शुरूआत की है, उसका असर भारत पर भी हो सकता है, जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बढ़ सकती है उलझन : ट्रंप की इन घोषणाओं के बाद इन देशों की ओर से जवाबी कदमों का ऐलान स्वाभाविक है। लेकिन सबसे बड़ी बात है कि ट्रंप इन देशों तक ही रुकने वाले नहीं हैं। यूरोप उनके अजेंडे पर पहले से ही रहा है। इससे अनिश्चितता पैदा हो रही है। देखना होगा कि यह सिलसिला किस तरफ और कितना आगे बढ़ता है। भारत की रणनीति भारत इस मामले में फिलहाल रक्षात्मक रुख अपनाते हुए बढ़ता दिख रहा है। इसकी ठोस वजहें भी हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप भारत से ट्रेड सरप्लस कम करने को कह सकते हैं, लेकिन इस मामले में थोड़ी नरमी दिखाकर और अमेरिका से हथियार, तेल, गैस और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाकर उन्हें शांत किया जा सकता है। यह इसलिए भी संभव दिखता है क्योंकि ट्रंप की प्राथमिकताएं अभी अलग हैं। लैटिन अमेरिका, चीन, यूरोपियन यूनियन और रूस से निपटना उनके अजेंडे में ऊपर है। असमंजस कम नहीं बावजूद इसके, भारत के लिए नरमी के इस रुख पर कायम रहना आसान नहीं होगा। अगर भारत सिर्फ अमेरिका को आयात शुल्क में रियायत देता है तो वह विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ होगा। ये नियम कहते हैं कि सभी देशों के लिए टैरिफ समान होना चाहिए। लेकिन अगर भारत सभी देशों को आयात शुल्क में छूट देता है तो आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने का लक्ष्य कमजोर होगा। ग्लोबल असर सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के चलते जो व्यापार युद्ध शुरू होगा, उसका ग्लोबल इकॉनमी पर नकारात्मक असर होगा। इससे भारत में विदेशी निवेश का फ्लो कम हो सकता है, रुपये में और गिरावट आ सकती है। बजट से उपजा उत्साह अपनी जगह है, लेकिन आने वाली इन चुनौतियों के मद्देनजर अभी से तैयारी करनी होगी। स्वाभाविक ही, इसी हफ्ते रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों पर होने वाली घोषणाओं पर निगाहें टिक गई हैं।

# घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ हुआ बंद सेंसेक्स 319 अंक फिसला

## निफ्टी 23400 के नीचे



**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 77,186.74 पर बंद हुआ, जिससे पांच दिनों की तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 749.87 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 76,756.09 पर आ गया। एनएसई निफ्टी 121.10 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 23,361.05 पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अपने कुछ व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ लगाने की चिंताओं के बीच कमजोर वैश्विक बाजारों को देखते हुए बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 77,186.74 पर बंद हुआ, जिससे पांच दिनों की तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 749.87 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 76,756.09 पर आ गया। एनएसई निफ्टी 121.10 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 23,361.05 पर आ गया।

सेंसेक्स शेयरों में लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से पिछड़ गए। लाभ में रहने वालों में बजाज फाइनेंस में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और मारुति के शेयरों में भी तेजी रही। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग में भारी गिरावट दर्ज की गई। यूरोप के बाजारों में भारी गिरावट के साथ कारोबार हो रहा था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ट्रंप द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर टैरिफ की घोषणा के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट ने भारतीय बेंचमार्क पर नकारात्मक असर डाला, जिससे निवेशकों में निराशा बढ़ी। इसके अलावा, रुपये में तेज गिरावट ने चिंता बढ़ा दी है कि विदेशी निवेशक बिकवाली के रुझान को बदलने की संभावना नहीं रखते।

कनाडा और मैक्सिको से अधिकांश आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ तथा चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ मंगलवार से प्रभावी होगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, व्यापार युद्ध की शुरूआत के बीच वैश्विक बाजार में अस्थिरता आई है, क्योंकि अमेरिका और अन्य देशों के बीच टैरिफ संघर्ष से कोई आर्थिक लाभ मिलने की संभावना नहीं है। इसके बजाय, यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां पैदा कर सकता है, जिससे वैश्विक वित्तीय जोखिम बढ़ सकता है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.15 प्रतिशत बढ़कर 76.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

इससे पहले शनिवार को भारी उतार-चढ़ाव वाले दिन के बाजार में, 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क शनिवार को 5.39 अंक या 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 77,505.96 पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी 26.25 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,482.15 पर बंद हुआ था। केंद्रीय बजट पेश होने के कारण शनिवार को घरेलू शेयर बाजार खुले थे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शनिवार को 1,327.09 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।

# रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा, भारत और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चिंताजनक

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया भी 67 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। सोमवार को शुरूआती ट्रेड में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की कीमत 87.29 रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा, मैक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने और चीन के उत्पादों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाने के फैसले से ट्रेड वॉर का डर बढ़ गया है। इसे लेकर पूरी दुनिया के बाजारों में डर का माहौल है। इस माहौल में भारतीय रुपया भी 67 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। सोमवार को शुरूआती ट्रेड में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की कीमत 87.29 रही।



### 67 पैसे की गिरावट आई

भारतीय मुद्रा रुपया लगातार दबाव में है। विदेशी फंड के भारतीय बाजार से लगातार निकलने और तेल आयातक देशों द्वारा डॉलर को प्रमुखता दिए जाने के बाद से डॉलर की मांग लगातार बढ़ रही है। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज पर आज रुपया 87 रुपये पर खुला, लेकिन जल्द ही 67 पैसे गिरकर 87.29 पर आ गया। शुक्रवार को रुपया, डॉलर के मुकाबले 86.62 पर बंद हुआ था। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के एमडी अमित पबारी ने कहा, 'सप्ताह की शुरूआत में वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा गया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ की अपनी धमकियों को जारी रखते हुए मैक्सिको, कनाडा और चीन से आयात पर शुल्क लगाया है।'

### व्यापार युद्ध के बढ़ते खतरे से डर का माहौल

'व्यापार युद्ध के बढ़ते खतरे से बाजार में जोखिम का माहौल है। अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ी है और डॉलर इंडेक्स 1.30 प्रतिशत बढ़कर 109.77 के अंक पर कारोबार कर रहा है। ट्रंप की टैरिफ की धमकी के चलते अमेरिकी डॉलर में उछाल आया, जिससे वैश्विक मुद्रा विनिमय दर कई वर्षों के निचले स्तर पर पहुंच गई।

## होम-स्टे के लिए बजट में मुद्रा ऋण का विस्तार, एसबीआई ने कहा- 1500 करोड़ रुपये का अवसर पैदा होगा

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण का विस्तार पर्यटन क्षेत्र में छोटे व्यवसायों को एक महत्वपूर्ण अवसर देगा। सरकार की ओर से बजट 2025-26 में शिशु श्रेणी के तहत 1,500 करोड़ रुपये के संभावित ऋण का एलान किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पर्यटकों की बढ़ती आमद के कारण होमस्टे की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है। देश भर में लगभग 3 मिलियन होमस्टे की अनुमानित आवश्यकता है। मुद्रा ऋण के विस्तार से छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके इस बढ़ते क्षेत्र को मदद मिलने की उम्मीद है। इस ऋण से उन्हें अपने होमस्टे व्यवसायों को स्थापित करने और विस्तार करने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने कहा होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण के विस्तार के साथ, शिशु श्रेणी के तहत लगभग 1,500 करोड़ रुपये के ऋण का अवसर पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत छोटे उद्यमी तीन श्रेणियों- शिशु (50,000 रुपये तक), किशोर (50,001 रुपये से 5 लाख रुपये) और तरुण (5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये) के तहत ऋण ले सकते हैं। वर्तमान में, होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण पहल शिशु श्रेणी पर केंद्रित है, जिसमें अनुमानित रूप से 1,500 करोड़ रुपये के ऋणों के मौके उपलब्ध हैं। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि इसे किशोर श्रेणी तक बढ़ाया जाता है, तो संभावित ऋण वितरण का आंकड़ा लगभग 8,250 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। सरकार की पहल का उद्देश्य पर्यटन से संबंधित व्यवसायों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर स्थानीय आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा देना है। इससे न केवल आवास की उपलब्धता बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करके आर्थिक विकास में भी योगदान मिलेगा। इसके अलावा, सरकार परिवहन संपर्क बढ़ाकर प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।




# केंद्रीय वित्त सचिव बोले 'रुपये के मूल्य को लेकर चिंता नहीं, आरबीआई अस्थिरता को संभाल रहा'

**नई दिल्ली।** विदेशी पूंजी के लगातार बाहर जाने और तेल आयातकों के बीच डॉलर की निरंतर मांग और कमजोर जोखिम क्षमता के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा मजबूत हुआ, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा। रुपये के डॉलर के मुकाबले 87.29 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने पर वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि रुपये के मूल्य को लेकर कोई चिंता नहीं है और भारतीय रिजर्व बैंक स्थानीय मुद्रा की अस्थिरता को संभाल रहा है। पांडे ने संवाददाताओं से कहा, रुपये के मूल्य को लेकर कोई चिंता नहीं है। रुपये में उतार-चढ़ाव को आरबीआई की ओर से नियंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपया फ्री-फ्लोट है और इस मुद्रा पर कोई नियंत्रण या निश्चित दर लागू नहीं है। उन्होंने कहा कि विदेशी पूंजी के लगातार बाहार जाने के कारण विनिमय दर पर दबाव पड़ रहा है। कनाडा, मैक्सिको और चीन पर ट्रम्प की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका पैदा हो गई है। इस बीच, सोमवार को शुरूआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 67 पैसे गिरकर 87.29 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत और चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। यह कदम विनाशकारी वैश्विक व्यापार युद्ध की ओर पहला कदम है। वर्ष 2025 में भारतीय रुपया 31 दिसंबर 2014 के 85.61 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से 1.8 प्रतिशत कम होकर डॉलर के स्तर पर आ जाएगा। वदेशी पूंजी के लगातार बाहर जाने और तेल आयातकों के बीच डॉलर की निरंतर मांग और कमजोर जोखिम क्षमता के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा मजबूत हुआ, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शनिवार को पूंजी बाजार में शुद्ध आधार पर 1,327.09 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।




## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

औरतों का दिल सही मायनों में कब टूटता है?
जब वो अपने जैसे प्रिंट का सूट
मोहल्ले की काम वाली को पहने देखती हैं!

---

पत्नी ने एक दिन अपने पति का मोबाइल चेक किया तो
उसमें कुछ इस तरह नाम सेव थे...
आंखों का इलाज
दिल का इलाज
पत्नी ने गुस्से में अपना नंबर डायल किया, तो आया
'ला-इलाज'!

---

पापा- बेटा तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू- पापा 80% आए हैं.
पापा- लेकिन मार्कशीट पर तो सिर्फ 40% लिखा है?
चिंटू- बाकी के 40% आधारकार्ड लिंक होने पर सीधे
अकाउंट में आएंगे.
दे चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# कोच गंभीर का बयान,टी20 में भारतीय टीम के दृष्टिकोण को लेकर, जितना ज्यादा रिस्क उतना बड़ा इनाम

**मुंबई ।** भारत ने पांचवें और आखिरी टी20 में इंग्लैंड को 150 रन से हराकर सीरीज 4-1 से अपने नाम की। यह गौतम गंभीर की देखरेख में टीम इंडिया की तीसरी सीरीज जीत थी। पांचवें टी20 के बाद कोच गंभीर ने अपने खिलाड़ियों की तारीफ की है और कहा है कि टी20 में भारतीय टीम का दृष्टिकोण 'जितना ज्यादा रिस्क, उतना बड़ा इनाम' वाला है। इसी रणनीति को अमल कर टीम इंडिया ने जीत हासिल की है। गंभीर ने कहा कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, भारत आगे भी टी20 में आक्रामक क्रिकेट खेलता रहेगा। पुणे में चौथे टी20 में भारत एक वक्त मुश्किल स्थिति में था। इंग्लैंड के साकिब महमूद ने पारी के दूसरे ओवर में तीन विकेट मेडन डालकर टीम इंडिया को परेशानियों में डाल दिया था। हालांकि, टीम इंडिया ने जबरदस्त



वापसी की और जीत हासिल कर सीरीज पर कब्जा किया था।

गंभीर ने कहा, 'हम इसी तरह का टी20 क्रिकेट खेलना चाहते हैं। हम क्रिकेट मैच गंवाने से डरना नहीं चाहते। हम हाई रिस्क, ज्यादा रिवार्ड वाला क्रिकेट खेलना चाहते हैं और इस टीम ने उस विचारधारा, उस नीति को वास्तव में अच्छी तरह से अपनाया है। मुझे लगता है कि इस टी20 टीम की विचारधारा निस्वार्थता और निडरता पर आधारित है। मुझे लगता है कि पिछले छह महीनों में इन खिलाड़ियों ने दिन-रात ऐसा किया है।'

भारतीय कोच ने कहा, 'हम लगातार 250-260 रन तक पहुंचना चाहते हैं। ऐसा करने की कोशिश में, ऐसे मैच भी होंगे जहां हम 120-130 रन पर आउट हो जाएंगे, लेकिन यही टी20 क्रिकेट है। और जब तक आप उस ज्यादा जोखिम वाले क्रिकेट को नहीं खेलते हैं, तब तक आपको बड़े इनाम भी नहीं मिलेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात, मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं। उन बड़े टूनामेंटों में हम अभी भी इसी तरह खेलना जारी रखना चाहते हैं और हम कुछ भी खोने का डर नहीं रखना चाहते हैं।

भारत की सफलता के पीछे एक मुख्य कारण इंग्लैंड का वरुण चक्रवर्ती की स्पिन को पढ़ने में असमर्थता थी। भारतीय मिस्ट्री स्पिनर इंग्लिश बल्लेबाजों के लिए एक अनसुलझी पहेली बनी रही। उन्होंने 9.85 की औसत और 7.66 की इकॉनमी रेट से 14 विकेट के साथ सीरीज समाप्त की। वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुने गए।

# इनके समर्थन से रिकॉर्ड बना पाए अभिषेक, प्लेयर ऑफ द सीरीज वरुण बोले- अभी भी सुधार की जरूरत

**मंबई ।** इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय में रिकॉर्ड तोड़ शतकीय पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को यहां कहा कि भारतीय कोच और कप्तान उनसे ऐसे रवैये के साथ बल्लेबाजी की उम्मीद करते हैं। ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्व अभिषेक की 54 गेंद में 135 रन की पारी के दम पर भारत ने नौ विकेट पर 247 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को 10.3 ओवर में महज 97 रन पर आउट कर 150 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

## अभिषेक ने मैच के बाद कही यह बात

भारत के लिए इस प्रारूप में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने के बाद अभिषेक ने पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह मेरा दिन था तो मैंने पहली ही गेंद थे आक्रमण शुरू कर दिया था। मैं कोच और कप्तान का आभार जताना चाहूंगा कि उन्होंने मेरे खेलने के तरीका का समर्थन किया।' इस 24 साल के



वामहस्त बल्लेबाज ने कहा, 'वे मुझ से ऐसे ही रवैये की उम्मीद करते हैं। उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है।'

**आर्चर की धुनाई पर अभिषेक का बयान :** अभिषेक ने इस दौरान अपनी पारी में 13 छक्के जड़े जो भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा, 'यह खास है, देश के अच्छा प्रदर्शन करने का अहसास हमेशा खास होता है।' उन्होंने जोफ्रा आर्चर के खिलाफ सहजता से छक्का लगाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'जब प्रतिद्वंद्वी टीम के गेंदबाज 140 या 150 (किलोमीटर प्रति घंटे) से अधिक की गेंदबाजी कर रहे हों, तो आपको थोड़ा पहले तैयार रहना होता है। ऐसे में बस गेंद पर प्रतिक्रिया दो और अपना शॉट खेलो। जब आप एक विश्व स्तरीय गेंदबाज (आर्चर) को कवर के ऊपर से मारते है तो यह बहुत अच्छा लगता है। मुझे हालांकि आदिल राशिद के खिलाफ शॉट भी वास्तव में पसंद आए।

# यूपी वॉरियर्स ने इस खिलाड़ी को बनाया चोटिल हीली का रिप्लेसमेंट, हीथर और गार्थ आरसीबी की टीम में शामिल

**नई दिल्ली ।** यूपी वॉरियर्स ने 14 फरवरी से बड़ोदरा में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूनार्मेंट के लिए चोटिल एलिसा हीली के स्थान पर वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान हीली पैर की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे सत्र में नहीं खेल पाएंगी।

**चिनेले हेनरी के आंकड़े :** हेनरी ने वेस्टइंडीज की तरफ से अभी तक 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसे उन्होंने 473 रन बनाने के अलावा 22 विकेट भी लिए हैं। वॉरियर्स ने 30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है। इस बीच गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह हीथर ग्राहम और किम गार्थ को अपनी टीम में लिया है। ऑलराउंडर ग्राहम ने पांच टी20 मैच खेले हैं और आठ विकेट लिए हैं। गार्थ ने 56 वनडे और चार टेस्ट के अलावा 59 टी20 में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है। वह डब्ल्यूपीएल में पहले गुजरात जॉइंट्स की तरफ से खेल चुकी है। आरसीबी ने इन दोनों खिलाड़ियों को 30-30 लाख रुपये के आधार मूल्य में अपनी टीम से जोड़ा है।

## 14 फरवरी से डब्लूपीएल की शुरूआत

महिला प्रीमियर लीग 2025 के तीसरे संस्करण की शुरूआत 14 फरवरी से होगी। पहली बार इस लीग



का आयोजन चार शहरों में होगा। इनमें बड़ौदा, बंगलूरू, मुंबई और लखनऊ शामिल हैं। इस टूनार्मेंट में कुल पांच टीमें शामिल हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो मैच खेलेंगी। इस तरह एक टीम कुल आठ मुकाबले खेलेगी। टूनार्मेंट में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। 14 फरवरी से 11 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मुकाबले खेले जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस बार किसी भी दिन डबल हेडर नहीं होगा यानी एक भी दिन दो मैच नहीं खेले जाएंगे। पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स और मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा।

## डिवाइन और क्रॉस हढछ से हटे

डिवाइन और क्रॉस ने व्यक्तिगत कारणों से इस साल डब्ल्यूपीएल से हटने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड की 35 वर्षीय खिलाड़ी डिवाइन ने खेल से अनिश्चितकालीन ब्रेक लिया है। इंग्लैंड की ऑलराउंडर क्रॉस पीठ की चोट से उबर रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई

# अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप टीम में भारत का दबदबा, चार खिलाड़ियों को मिली जगह

**नई दिल्ली ।** भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में निकी प्रसाद की टीम ने नौ विकेट से जीत के साथ दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस टूनार्मेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी, जिसमें चार भारतीय क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।

## चार भारतीय खिलाड़ियों को मिला मौका

टूनार्मेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में गोगाड़ी त्रिशा के साथ चार भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है। जी त्रिशा ने भारत की जीत में अहम



भूमिका निभाई थी। उन्होंने तीन विकेट लेने के अलावा ओपनिंग करते हुए नाबाद 44 रन भी बनाए। सिर्फ फाइनल नहीं गोंगाड़ी ने इस पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। वह टूनार्मेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं। इतना ही नहीं, उनके नाम महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में पहला शतक जड़ने का भी रिकॉर्ड है।


आईसीसी द्वारा चुनी गई टूनार्मेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में जी तृषा के अलावा जी कमालिनी, वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला शामिल हैं। इन चारों खिलाड़ियों ने हाल ही में समाप्त हुए अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

## दक्षिण अफ्रीका की इस खिलाड़ी को मिली कप्तानी

भारतीय खिलाड़ियों के अलावा दक्षिण अफ्रीका की जेम्मा बोथा, इंग्लैंड की डेविना पेरिन और ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे को भी टीम में जगह मिली है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की कायला रेनेके को टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है। श्रीलंका की चामोदी प्रबोदा, नेपाल की पूजा महतो और इंग्लैंड की केटी जोन्स टीम की अन्य सदस्य हैं।

# पीटरसन ने दुबे-राणा कन्कशन विवाद पर गंभीर से पूछा सवाल, भारतीय कोच का मजेदार जवाब सुन हंस पड़ेंगे

**मंबई ।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का समापन हो चुका है। टीम इंडिया ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की। इस जीत के बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर कमेंटेटर्स से बात करने पहुंचे। इंग्लैंड के



पूर्व क्रिकेटर ने मौका देखते हुए गंभीर से चौथे टी20 के दौरान हुए कन्कशन विवाद को लेकर सवाल पूछ दिया। इसके बाद गंभीर ने जो जवाब उन्हें दिया, वह सुनकर खुद पीटरसन भी हंस पड़े।

दरअसल, चौथे टी20 में भारतीय पारी के दौरान 20वें ओवर में शिवम दुबे को सिर में गेंद लगी थी, लेकिन जांच के बाद उन्हें खेलने के लिए क्लीयरेंस मिल गई थी। हालांकि, फिर वह आउट हो गए थे, लेकिन जब टीम इंडिया फील्डिंग के लिए आई तो हर्षित राणा मैदान पर आए। ऐसे में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर भी हैरान थे और उन्होंने बाद में बताया भी कि उन्हें नहीं पता था हर्षित क्यों आए हैं और न ही कन्कशन को लेकर भारतीय टीम ने उनसे चर्चा की थी। दुबे ने जहां 53 रन बनाए थे।

# अभिषेक के शतक पर 'गुरु' युवराज की प्रतिक्रिया, बाउंड्री पर वरुण के कैच लेने पर मुस्कुराए कोच गंभीर

**मंबई ।** युवा स्टार अभिषेक शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को इंग्लैंड को पांचवें और आखिरी टी20 में 150 रन से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े में खेले गए इस मुकाबले को जीतकर टीम इंडिया ने पांच मैचों की



सीरीज पर 4-1 से कब्जा किया। अब दोनों टीमों के बीच छह फरवरी से तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरूआत होगी। अभिषेक ने 54 गेंद में 135 रन बनाए। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद उनके गुरु युवराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। वहीं, मैच के दौरान वरुण चक्रवर्ती के एक कैच पकड़ने पर कोच गौतम गंभीर खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक सके।

अभिषेक की पारी के बाद युवराज ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'क्या शानदार खेले अभिषेक ! यही करते हुए मैं तुम्हें देखना चाहता हूं। मुझे तुम पर गर्व है।' जब भी अभिषेक शर्मा अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो युवराज ट्वीट करने से नहीं कतराते हैं। इससे पहले जब अभिषेक ने पहले टी20 में 34 गेंदों पर 79 रन बनाए थे तो युवराज ने व्यंग्यात्मक अंदाज में ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था, 'सीरीज में लड़कों के लिए अच्छी शुरूआत ! हमारे गेंदबाजों द्वारा सेट किए टोन को हमारे बल्लेबाजों ने अच्छी तरह निभाया।

# पार्थिव को भरोसा, शमी का मुंबई के स्पैल से बढ़ेगा आत्मविश्वास, कैसा रहा तेज गेंदबाज का प्रदर्शन

**मंबई ।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज और कमेंटेटर पार्थिव पटेल का मानना है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मुकाबले में फेंके गए स्पैल से आत्मविश्वास बढ़ेगा। शमी ने इस सीरीज से लंबे समय बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की थी। उन्हें तीसरे मैच में खेलने के मौका दिया गया था, लेकिन चौथे मैच से बाहर रखा गया था। रविवार को वानखेड़े में खेले गए पांचवें मैच में शमी ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए और भारत को मिली 150 रन से जीत में योगदान दिया।

## शमी ने 14 महीने बाद की थी वापसी

शमी वनडे विश्व कप 2023 के दौरान चोटिल हो गए थे और



उनके टखने की सर्जरी की गई थी। शमी हालांकि, 14 महीने बाद वापसी करने में सफल रहे थे। शमी राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 में विकेट नहीं ले सके थे, लेकिन उन्होंने वानखेड़े में शानदार प्रदर्शन किया। पटेल ने बताया कि किस तरह शमी का यह प्रदर्शन वनडे में उनके लिए फायदमेंद साबित होगा।

**चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए शमी का प्रदर्शन महत्वपूर्ण :** इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके तुरंत बाद ही चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है और इस टूनार्मेंट में शमी की फॉर्म काफी मायने रखेगी। पार्थिव ने कहा, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 444 दिनों बाद कोई विकेट लिया। उनका पहला ओवर अच्छा नहीं रहा था, लेकिन आपको भाग्य की भी जरूरत होती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लंबे समय तक दूर रहने के बाद वापसी करना आसान नहीं होता है, विशेषकर जब आप पाटा पिच पर गेंदबाजी कर रहे हो जहां विपक्षी टीम आप पर हमलावर होगी क्योंकि वह 247 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बंगलुरू पहुंचे जसप्रीत बुमराह, एनसीए में होगा स्कैन, फिटनेस पर नजरें

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रविवार को बंगलुरू पहुंचे हैं। बुमराह पिछले कुछ समय से चोट से परेशान चल रहे हैं और उनका भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम की निगरानी में स्कैन किया जाएगा। बुमराह का नाम 19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल है, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा।

## दो-तीन तक एनसीए में रह सकते हैं बुमराह

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुमराह अगले दो-तीन दिनों तक यहां रहेंगे और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के विशेषज्ञ मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को अपनी रिपोर्ट सौपेंगे। बुमराह का चैंपियंस ट्रॉफी में शामिल होना स्कैन की रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। बुमराह को पिछले




महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें मैच के दौरान पीठ में जकड़न की समस्या थी, जिस कारण वह मैदान से बाहर चले गए थे।

पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम घोषित करते समय अगरकर ने बताया था कि बुमराह को पांच सप्ताह तक लोड लेने के लिए मना किया गया है और उन्हें इस तेज गेंदबाज के बारे में स्पष्टता फरवरी के शुरूआत में पता चलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत होने में अब ज्यादा दिन का समय शेष नहीं है, ऐसे में चयनकताओं को जल्द ही इस बारे में फैसला लेना होगा। बुमराह की जगह इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए हर्षित राणा को चुना गया है, अगर बुमराह फिट नहीं हो सके तो हर्षित के टीम में शामिल होने की चर्चा भी चल रही है।

# बांग्लादेश टी20 लीग में हाईवोल्टेज ड्रामा, सैलरी नहीं देने पर बस ड्राइवर ने खिलाड़ियों की किट लॉक की

**ढाका ।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दरबार राजशाही क्रिकेट की दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि फ्रेंचाइजी को अभी तक अपने विदेशी खिलाड़ियों और स्टाफ मेंबर्स की फीस नहीं दी है। राजशाही के मालिक शफीक रहमान ने पहले घोषणा की थी कि विदेशी क्रिकेटरों के अपने-अपने देशों में लौटने के लिए टिकट बुक किए गए हैं। हालांकि, बकाए का भुगतान नहीं होने के कारण कई बड़े नाम ढाका के टीम होटल में फंसे हुए हैं।

## खिलाड़ियों को नहीं मिला सैलरी का कुछ हिस्सा

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी खिलाड़ियों ने अपने भुगतान के लिए टीम प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मोहम्मद हारिस (पाकिस्तान), आफताब आलम (अफगानिस्तान), मार्क दयाल (वेस्टइंडीज), रेयान बर्ल (जिम्बाब्वे) और मिगुएल कमिंस



(वेस्टइंडीज) सभी अपने भुगतान के कुछ हिस्से का इंतजार कर रहे हैं।

बस ड्राइवर ने किट बस के अंदर बंद किया रिपोर्ट के मुताबिक, 'टीम मालिकों ने भुगतान करने का वादा किया था, लेकिन दरबार राजशाही शिविर के कई स्थानीय क्रिकेटर बिना भुगतान किए होटल के कमरे से चेक आउट हो गए। यह मामला तब बदतर हो गया जब दरबार राजशाही फ्रेंचाइजी और उसके खिलाड़ी एक और परेशानी में फंस गए। फ्रेंचाइजी ने अभी तक अपने बस चालक को सैलरी नहीं दे सकी है, जो पूरे टूनार्मेंट के दौरान खिलाड़ियों और स्टाफ को देश भर के स्टेडियम का दौरा करा रहा था।

फ्रेंचाइजी को अपनी गलती का अहसास कराने के लिए बस ड्राइवर ने राजशाही के सभी खिलाड़ियों के किट बैग और सामान को बस के अंदर लॉक कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों को उनके बकाए की मंजूरी के बाद ही उनके किट बैग वापस मिलेंगे। उन्होंने कहा, 'यह अफसोस और शर्म की बात है। अगर फ्रेंचाइजी ने हमें भुगतान किया होता, तो हम खिलाड़ियों को किट बैग वापस कर देते।'

राजशाही के बस चालक मोहम्मद बाबुल ने टीम होटल के सामने कहा, 'अब तक मैंने अपना मुंह नहीं खोला है, लेकिन अब मैं कह रहा हूं कि अगर वे हमारा भुगतान कर दें तो हम जा सकते हैं।'

**सैलरी का बड़ा हिस्सा अभी तक नहीं दिया गया :** उन्होंने कहा, 'बस में स्थानीय और विदेशी क्रिकेटरों के किट बैग हैं।

## जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

# राजस्व कार्यों व ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में किया गया मीटिंग का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व ई-ऑफिस प्रणाली के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी एसडीएम, तहसीलदार कोर्ट में 5 वर्ष से अधिक, 3 से 5 वर्ष, 1 से 3 वर्ष, निर्विवाद विरासत, अंश निर्धारण, ई-परवाना आदि से संबंधित वादों को निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही तालाब, चारागाह, पट्टे आदि के पूर्ण विवरण सहित आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जनपद में 30 वर्ष पुराने वृक्षारोपण के पट्टों की जांच करते हुए निरीक्षण करने के निर्देश दिये, साथ ही उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। जनपद में तालाबों की जांच करने हेतु भी निर्देश दिये।

**हर कार्य एवं लक्ष्य को आपसी समन्वय बनाते हुए उत्कृष्ट तरीके से पूर्ण किया जाएं : जिलाधिकारी**

**करंट क्राइम।** उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी मेज पर अपना नाम व पदनाम की प्लेट लगाये और अपनी मेज पर ही अपने कार्य की सूची भी रखें, जिससे यह ज्ञात रहे कि आपके पटल पर क्या दायित्व हैं। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। फरवरी के अंत तक सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली से ही किया जाए। इस संबंध में अधिकारी/कर्मचारी को यदि प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायत, आईजीआरएस, ऑफिस कार्यों के रजिस्टर बनाएं जाएं और इसके साथ ही मास्टर रजिस्टर भी तैयार किया जाए। कार्य को उत्कृष्ट तरीके से पूर्ण करने हेतु सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाते हुए उनका दिशा-निर्देशन करें। अपनी अधीनस्थ कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह में एक बार मीटिंग की जाएं। जन शिकायतों के निरस्तारण के उपरांन्त फीडबैक ली जाएं एवं यदि फीडबैक असन्तुष्ट पूर्ण प्राप्त हो रहा हो तो उस शिकायत का पुनः गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। हम सभी एक परिवार हैं, अतः समन्वय बनाते हुए हर कार्य को बेहतर तरीके से पूर्ण किया जाएं।

बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कलेक्ट्रेट स्टाफ उपस्थित रहे।

## विवाह समारोह में चार दर्जन से अधिक आपराधिक तत्वों ने किया जमकर तांडव

- **पथराव किया, नगदी से भरा बैग छीना, महिलाओं के मंगलसूत्र तथा जेबरात छीने**
- **पुलिस ने सात अपराधिक तत्वो को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की**

**लोनी, करंट क्राइम।** विवाह समारोह में चढ़त के दौरान अपराधिक तत्वों द्वारा जमकर पथराव किया गया तथा नगदी, सोने चांदी के जेवरात मोबइल छीनने का बरातियों ने आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सात लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है। लोनी थाने की प्रशान्त विहार कॉलोनी के रहने नाहर सिंह जाटव की बेटी की शादी थी नाहर सिंह ने बताया कि बागराणप से बारात पहुंची थी।

जैसे ही चढ़त का कार्यक्रम शुरु हुआ समारोह में अपराधिक तत्व के करीब चालीस पचास लोग बाहर से आकर जबरन डीजे में ड्रांस करने लगे लेकिन वधू पक्ष के लोगों ने मना किया पर वह नहीं माने और उन्होंने नंगा नाच शुरू कर दिया पहले तो जमकर पथराव किया जिसमें कई महिला एवं पुरुष घायल हो गए। बारात में आए महावीर का आरोप है कि आपराधिक तत्व के लोगों ने उसकी बैग छीन ली जिसमें 80 हजार की नगदी थी एवं कुछ महिलाओं के मंलसूत्र सोने की चैन तथा मोबइल छीन लिया। अपराधिक तत्वों के लोगों ने जमकर तांडव किया पुलिस को जैसे ही सूचना मिली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची लेकिन तब तक वह लोग भाग गए थे पर सात तांडवकारियों अब्दुल, ताहिर, हसनैन, उस्मान, साजिद, एहसान और जुनैद को पुलिस ने धर दबोचा। सूचना पर स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी मौके पर पहुंचे और पूरी जानकारी लेने के बाद पुलिस के आला अधिकारियों से जल्द अपराधिक तत्वों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसीपी सुर्यवली मौर्य का कहना है कि अभी तक इस मामले की कोई तहरीर नही आई है फिर भी पुलिस अपराधिक तत्वों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।




### साप्ताहिक बाजार के नाम पर वसूल लिये एक लाख पैंतीस हजार

पुलिस के साहब का फरमान आया कि सड़क किनारे बाजार नही लगने देगें। साहब को खबर भी नही कि उनके नाम पर पैंठ वालों से किसी ने नकद ऐंठ भी लिये। बड़ी बात ये कि हर दुकानदार से एक हजार रूपये वसूल लिये गये और मामला तब लाईट में आया जब एक हजार के साथ हर पैंठ वाले से उसकी आईडी मांगी गई। बताते हैं कि खेल यहीं से शुरू हुया और आईडी वाले भी समझ गये कि कुछ तो कहानी हैं। उन्होने जब पता किया तो पता चला कि ये तो कोरी का गेम हैं और उगाही का रचा रचाया फ्रेम हैं। सुना है कि बाजार की इस उगाही का खुलासा बाजार वाले ही करने जा रहे हैं। वहीं पैंठ वालों ने भी बात खुलते ही एक हजार देने से इंकार कर दिया। कह दिया कि एक हजार नही एक लाख देगें मगर ठिया लगाने का गारंटी लिखित में लेगें। बंद बाजार की कहानी में अभी टेबल ठेकेदार से लेकर लाईट सप्लायर का भी रोल आना बाकी है।

### बोला इस पार वाला उसकी डुबकी से हमारा कुछ भी न डूबने वाला

भले ही अब रेखा पार वाले भी सदन में हो और रिवर पार वाले भी सदन में हो मगर आरपार की सियासी रार जारी है। अब ये सियासी ख्वाहिशे ही ऐसी है कि एक चेले ने प्रयागराज वाले कुंभ के मेले में किसी के पालिटिकल विनाश की कामना करते हुये 11 डुबकी लगाई। डुबकी की बात जल के भीतर नही समाई बल्कि इस जुबान से उस कान तक होती हुई हर जुबान पर आ गई। अब कुंभ के मेले में सारे तो सत्यवादी नही होते। ऐसा भी नही है कि डुबकी के बदले किसी को डुबोने का तथास्तु वरदान मिल जाये। इस पार भी अब सर्मथक खेमा डेवलप हो चुका है और इस पार वालों ने भी बिना नाम लिये कह दिया कि उस पार वालों की डुबकी से हमारा कुछ नही डूबने वाला है। वो चाहे तो एक बार फिर से जाकर 108 बार डुबकी लगा ले सत्यवादी का नाम लेकर।

### नई रवायत जब महानगर मंत्री के लिये प्रदेश हैड ने की हिमायत

फूल वालों के यहां इन दिनो धूल भी भाव खा रही है। बूथ अध्यक्ष को फील कराया जा रहा है और उसके घर के बाहर ढोल बजाया जा रहा है। मंडल प्रधान का पद इतना बड़ा हो गया कि प्रदेश और राष्ट्र वालों के यहां पावर वालों ने डेरा डाला। अब नामित बनने की बेला है और मेला हर दरवाजे पर लग रहा है। फूल वालों ने ही बताया कि कहने सुनने को अब कुछ नही बचा। उन्होने कहा कि महानगर की टीम में आधा दर्जन मंत्री भी होते हैं और चार महामंत्री होते हैं। मगर आधा दर्जन वाले सीन में भी सिफारिशो का तूफान आया हुया है। महानगर की टीम में मंत्री पद के लिये स्टेट हैड से हिमायत करवाई गई है। अभी महानगर का कप्तान घोषित होना बाकी है लेकिन सयाने कमलों ने पहले ही टीम में अपना नबंर पक्का करने के लिये प्रदेश वाले बड़े दरबार में माथा टेक दिया है।

## संस्कार भारती ने आयोजित किया काव्यांजलि के साथ भारत माता पूजन का कार्यक्रम





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** संस्कार भारती गाजियाबाद महानगर और एओ ए अजनारा इन्टीग्रेटी द्वारा आयोजित काव्यांजलि और भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मां सरस्वती को समर्पित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबोध गुप्ता पूर्व सह क्षेत्र प्रमुख पश्चिम उत्तर प्रदेश ने संस्कार भारती संगठन के उद्देश्य और कार्य प्रणाली के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजीव त्यागी पूर्व पार्षद ने बताया कि आज के वातावरण एवं संस्कार भारती की समाज को सुसंस्कृत करने की जिम्मेदारी बढ़ रही है। संस्कार भारती गाजियाबाद महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष अतुल प्रकाश भटनागर ने बताया कि संस्कार भारती का कार्य सम्पूर्ण गाजियाबाद में है। केवल राजनगर एक्सटेंशन में ही 26 सोसायटीज में निरंतर कार्यक्रम चल रहे हैं। इस वर्ष 26 और सोसायटीज में विस्तार किया जाएगा। संस्कार भारती गाजियाबाद महानगर के महामंत्री हेमंत बाजपेई ने कहा कि आज की परिस्थितियों में संस्कार संस्कृति घर्म की जानकारी एवं प्रसार बच्चों के बीच बहुत ही जरूरी है एवं संस्कार भारती के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी का बोध है। कार्यक्रम के अंत में मनोज अग्रवाल ने महाकुंभ की महान बेला पर अपनी रचित कविता 'कुंभ नगरी में बह रही है सनातन धमे की अमृत धारा' सुनाई। कविता के विषय की उपस्थित कवियों द्वारा सराहना की गई।

## पुलिस की 2 बदमाशों से मुठभेड़

### एक के पैर में लगी गोली, दूसरा कांबिंग के बाद गिरफ्तार, राहगीरों से करते थे लूटपाट



**नोएडा (करंट क्राइम)।** पुलिस की 2 बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसमें एक को पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को कांबिंग के दौरान पुलिस ने दबोच लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया- थाना फेस-1 पुलिस दिल्ली की तरफ से गोल चक्कर आने वाले रास्ते पर गंदे नाले के ऊपर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान 2 लोग एक बाइक से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया। वह रूके नहीं और बाइक मोड़कर सेक्टर-14 के पीछे की ओर भागने लगे। कीचड़ होने की वजह से बाइक फिसल कर गिर गई। अपने को घिराता देख किया फायर अपने को घिरता देखकर बदमाशों ने अवैध तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस ने जवाबी फायर किया। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। इसकी पहचान विकास उर्फ गुल्लू निवासी ग्राम चौड़ा सेक्टर 22 बताया गया। इसकी उम्र 20 साल है। दूसरे को कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान विजय निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली हुई। इसकी उम्र 19 साल है। 5 लूट के मोबाइल बरामद इनके कब्जे से 5 मोबाइल फोन व मोबाइल के कुछ पाट्र्स चोरी व लूट के बरामद किए गए।

## दिल्ली में बहुमत के साथ सरकार बनाएगी भाजपाः बॉबी त्यागी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बॉबी त्यागी ने कहा कि इस बार दिल्ली में बीजेपी की सरकार बहुमत के साथ आ रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सिर्फ लोगों से झूठे वादे किए, जनता उनकी सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने लोगों को बहुत आश्वासन बहुत दिए थे, लेकिन एक भी पूरे नहीं किए। दिल्ली का विकास भी उसी तेजी से होना चाहिए। जैसे भारत का हो रहा है, दिल्ली पिछड़ती जा रही है। सड़कों की हालत खराब है, नालों में गंदा पानी और झुग्गी-झोपड़ियों में अभी भी लोग रह रहे हैं। अब जनता ने सच समझ लिया है। और मन बना लिया है। कि बीजेपी की सरकार आने के बाद ही दिल्ली का असली विकास होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है।




## महाकुंभ में कमिश्नरेट से भी गए आईपीएस

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद से महाकुंभ के बड़े आयोजन में बड़ी संख्या में पुलिस गई हुई है। तो बीते दिनों मुख्यमंत्री के निर्देश का असर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में भी देखने को मिला है। यहां से एक आईपीएस अधिकारी को महाकुंभ में भेजा गया है। वैसे तो वह वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अंडर ट्रेनी आईपीएस के रूप में तैनात चल रहे थे, पर उन्हें अब महाकुंभ के भव्य आयोजन में भेजा गया है। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया था कि प्रदेश के सभी अंडर ट्रेनी अधिकारियों को फील्ड पर उतरने के निर्देश दिए थे। साथ ही उन्हें क्राउड कंट्रोल मैनेजमेंट की ट्रेनिंग के लिए भी आमंत्रित किया गया था। जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से इसी कड़ी में एक आईपीएस अधिकारी को भी भेजा गया है। 26 जनवरी की परेड के बाद वह गाजियाबाद से महाकुंभ प्रयागराज के लिए चले गए। उनकी अभी कुछ दिन और ट्रेनिंग चलेगी, हालांकि उनके ही बैच से जुड़े दूसरे अन्य अधिकारी अभी पुलिस कमिश्नरेट में मौजूद हैं। देखना होगा कि उनको भेजा जाएगा या नहीं।



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से वैसे भी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और अधिकारी महाकुंभ में अपनी ड्यूटी का निर्वाह कर रहे हैं। तो वहीं पहले शाही स्नान के बाद मचे हंगामे और भगदड़ के बाद महाकुंभ की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को बेहद हाई पैटर्न पर शुरू किया गया। उसी दिन पुलिस ने जिस परिवर्तन के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया, उसका नतीजा था कि उसके बाद किसी प्रकार का कोई अशुभ समाचार नहीं मिला है। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से भी अबतक बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में ड्यूटी के लिए भेजा गया है। जिसमें यातायात वालों से लेकर सिविल पुलिस वाले शामिल हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट और प्रयागराज महाकुंभ के दौरान गजेटेड अधिकारियों की लंबी चौड़ी फौजी दिखाई दे रही है। इसके साथ ही फील्ड से लेकर ऑफ फील्ड काम करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रयागराज में ही डेरा डाल दिया है। खुद पुलिस के प्रमुख और कई अन्य एजेंसियों के प्रभारी प्रयागराज पर ही फोकस करें हुए हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के भी प्रत्येक थाने में प्रयागराज महाकुंभ की सफलता और लोगों को आमंत्रित करने वाले पोस्ट बता रहे हैं कि वाकई यह आयोजन कितना ऐतिहासिक दिव्य और भाव है।

## पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया
























**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। उनके समर्थकों शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की।

# ट्रंप के फैसले ने बढ़ाई डब्ल्यूएचओ की चिंता

## महानिदेशक बोले- सदस्य देश अमेरिकी राष्ट्रपति पर डालें दबाव




**जेनेवा ।** डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग कर लिया था। ट्रंप के इस फैसले ने डब्ल्यूएचओ की चिंता बढ़ा दी है। अब डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने सदस्य देशों से कहा है कि वे संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी से हटने के अमेरिका के फैसले को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करें। वे फैसले को पलटने के लिए राष्ट्रपति पर दबाव डालें। राजनयिकों के साथ हुई बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने इस पर जोर दिया कि संगठन से हटने के बाद अमेरिका वैश्विक बीमारी के प्रकोप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित रह जाएगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अधिकारियों को डब्ल्यूएचओ के साथ काम करना बंद करने के लिए कहा गया है। लेकिन संगठन अभी भी कुछ अमेरिकी वैज्ञानिकों को डाटा उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने संगठन के सदस्य देशों से कहा कि हम अमेरिका को जानकारी इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि उनको इसकी जरूरत है। अगर सदस्य देश अमेरिका पर अपने फैसले को लेकर दबाव डालते हैं या फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए ट्रंप से बात करते हैं तो हमें बहुत खुशी होगी।

ट्रेडोस ने ट्रंप की ओर से विश्व स्वास्थ्य संगठन छोड़ने के बताए गए कारणों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि डब्ल्यूएचओ ने कोरोना को ठीक से संभाला नहीं। जबकि हमने जनवरी 2020 में ही दुनिया भर को कोरोना के संभावित खतरों के बारे में सचेत किया था। इसके बाद हमने कई सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप मानते हैं कि अमेरिका बजट को लेकर नहीं बल्कि बीमारियों के प्रकोप विवरण और स्वास्थ्य सूचनाओं में शून्यता को लेकर संगठन से बाहर हुआ है। मगर इसका सामना अमेरिका को भविष्य में करना पड़ेगा। ट्रेडोस ने कहा कि अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन में वापस लाना जरूरी है। इसमें सदस्य देश बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

### डब्ल्यूएचओ को बड़ा फंड देता है अमेरिका

अमेरिका के बाहर निकलने पर डब्ल्यूएचओ की चिंता बढ़ी हुई है। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका डब्ल्यूएचओ को बड़ा फंड देता है। 2024-25 में अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ को 988 मिलियन डॉलर का फंड दिया था, जो एजेंसी के कुल बजट 6.9 बिलियन डॉलर का 14 फीसदी है। वहीं आपातकालीन स्वास्थ्य कार्यक्रम में अमेरिका का बड़ा योगदान रहा है।

# इस्राइली सेना का दावा- 50 फलस्तीनी आतंकवादी मार गिराए, 100 को हिरासत में ले लिया



**यरूशलम ।** इस्राइल डिफेंस फोर्सेज आईडीएफ ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को दावा किया उसने 50 फलस्तीनी आतंकवादियों को मार गिराया है। आतंकवादियों को लगभग दो सप्ताह पहले उत्तरी वेस्ट बैंक में शुरू किए गए अभियान के तहत निशाना बनाया गया। [illegible] ने बताया कि जेनिन, तुलकरेम और तमुन क्षेत्र में अभियान के दौरान 35 बंदूकधारी मारे गए, जबकि 15 अन्य ड्रोन हमलों में मारे गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सेना ने यह भी स्वीकार किया है कि अभियानों के दौरान एक बच्चे समेत कुछ नागरिकों को 'गलती' से निशाना बनाया गया।

आईडीएफ के अनुसार, उसने 100 फलस्तीनी आतंकवादियों को हिरासत में लिया है और 40 से अधिक हथियार जब्त किए हैं।

आईडीएफ ने कहा कि 'ऑपरेशन आयरन वॉल' के दौरान 80 से अधिक विस्फोटकों को भी निष्क्रिय किया गया। आईडीएफ ने कहा कि यह अभियान 21 जनवरी को शुरू किया गया था। यह कई और हफ्तों तक जारी रहेगा। आईडीएफ ने जेनिन शरणार्थी शिविरों में 23 इमारतें भी ध्वस्त कीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, [illegible] ने जेनिन शरणार्थी शिविरों में 23 इमारतों को ध्वस्त कर दिया है। सेना का कहना है कि आतंकवादियों ने इन इमारतों को अपने अभियानों के लिए इस्तेमाल किया था।

हमारे निर्णयों और सैनिकों के साहस ने मध्य पूर्व का नक्शा बदलाः नेतन्याहू इस बीच, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू रविवार को अमेरिका के लिए रवाना हो गए। उन्होंने घोषणा की कि वे अपनी यात्रा के दौरान मध्य पूर्व के नक्शे को 'फिर से बना सकते हैं।' नेतन्याहू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हमारे निर्णयों और हमारे सैनिकों के साहस ने मध्य पूर्व के नक्शे को बदल दिया है। मेरा मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ काम करते हुए, हम इसे और भी बेहतर बना सकते हैं। हम सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं, शांति के दायरे को बढ़ा सकते हैं ।

# नेपाल पुलिस ने जुआ गिरोह का किया भंडाफोड़, 10 भारतीय समेत 24 गिरफ्तार



**नई दिल्ली ।** नेपाल पुलिस ने तीन अरब रुपये से अधिक के ऑनलाइन जुआ रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दस भारतीय नागरिकों सहित 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उन्होंने 3,047,356,612 नेपाली रुपये का लेनदेन किया।

### नेपाल पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

काठमांडो घाटी अपराध जांच कार्यालय के पुलिस अधीक्षक काजी कुमार आचार्य के अनुसार, पुलिस की एक विशेष टीम ने शनिवार को ललितपुर महानगर के सनेपा क्षेत्र में दो घरों पर छापे मारे। 10 भारतीय नागरिकों और 14 नेपालियों को गिरफ्तार किया, जो ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर लोगों को ठगते पाए गए।

### गिरफ्तार भारतीय लोगों की पहचान


गिरफ्तार 10 भारतीयों में अजीत कुमार, मुकेश मंडल, मनोज कुमार बजाज, सुमित खत्री, प्रभात कुमार साह, ओम प्रकाश खत्री, रवि प्रकाश बिश्वकर्मा, रवि अभिषेक ओझा, शिवम पांडे और मनोज कुमार शामिल हैं। इनमें ज्यादातर उत्तर प्रदेश से हैं। वे ललितपुर के सनेपा स्थित किराये के दो मकानों से अवैध ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे।

### लोगों से ऐसे संपर्क करते थे आरोपी

आरोपी व्हाट्सएप से लोगों से संपर्क करते थे। वे लेनदेन के लिए भारतीय बैंक खातों का उपयोग कर ऑनलाइन सट्टेबाजी एप की मदद से जुआ रैकेट चला रहे थे। जांच से पता चला है ।

# तीन दिन में भूकंप के 200 झटके, ग्रीस में हड़कंप

## विशेषज्ञों का अनुमान- हो सकता है बड़ी घटना का संकेत



**एथेंस ।** ग्रीस में शुक्रवार से थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल पर भूकंप के करीब 200 झटके महसूस किए गए हैं। इनमें सबसे शक्तिशाली झटका रविवार को सेंटोरिनी द्वीप के पास 4.6 तीव्रता का महसूस किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार तीन दिन से जारी भूकंप के झटके आने वाली किसी बड़ी घटना की ओर इशारा कर रहे हैं। लगातार भूकंप के झटकों से स्थानीय लोग बहुत चिंतित हैं। स्कूल बंद करा दिए गए हैं।

एथेंस जियोडायनामिक संस्थान ने कहा कि रविवार को दोपहर 3:55 बजे रिक्टर पैमाने पर 4.6 तीव्रता का सबसे शक्तिशाली भूकंप दर्ज किया गया, जो 14 किलोमीटर की गहराई पर था। इसके बाद 4 से अधिक तीव्रता के कुछ और 3 तीव्रता के दर्जनों भूकंप आए। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

जलवायु संकट व नागरिक सुरक्षा मंत्रालय तथा अग्निशमन सेवा के विशेषज्ञ और अधिकारियों ने सेंटोरिनी द्वीप के साथ-साथ आस-पास के अमोरगोस, अनाफी और आईओएस क्षेत्र के स्कूलों को बंद करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने सेंटोरिनी में निवासियों और होटल मालिकों को सलाह दी कि वे अपने स्विमिंग पूल खाली कर दें, क्योंकि भूकंप की स्थिति में पानी की बड़ी मात्रा इमारतों को अस्थिर कर सकती है।

# 60% कैंसर की रोकथाम आसान, डे केयर सेंटर निभाएंगे बड़ी भूमिका, वैज्ञानिकों ने सरकार के फैसले को सराहा

**नई दिल्ली ।** कैंसर वास्तव में तेज गति से बढ़ रहा है जिसके इलाज के लिए मरीजों को काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। हालांकि कैंसर नियंत्रण का सबसे अहम हिस्सा रोकथाम है और 60% कैंसर को रोका जा सकता है। इसमें डे केयर सेंटर बड़ी भूमिका निभाएंगे। यह बात कहते हुए कैंसर रोकथाम और सालों से अनुसंधान में जुटे वैज्ञानिकों ने सरकार के 700 जिलों में डे केयर कैंसर सेंटर शुरू करने के फैसले को सराहा है।



भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान की निदेशक डॉ. शालिनी सिंह का कहना है कि भारत में बड़ी संख्या में कैंसर मरीज इलाज के लिए देर से आते हैं जिसकी वजह से उपचार के परिणाम खराब होते हैं। उन्होंने बताया कि कैंसर उपचार चिकित्सा की एक विशेष शाखा है जो केवल बड़े अस्पतालों तक सीमित है।

जब एक मरीज क्लिनिक में आता है तो सबसे पहले विभिन्न तरह की जांच जैसे रक्त, कोशिका विज्ञान, बायोप्सी, हिस्टोपैथोलॉजी, एक्स-रे/सीटी स्कैन और एंडोस्कोपी के जरिए निदान किया जाता है। यह सभी सुविधाएं डे केयर सेंटर पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। ब्यूरो

डे केयर सेंटरों में मरीजों की स्क्रीनिंग की सुविधा होनी चाहिए ताकि बीमारी का शीघ्र पता लगाया जा सके। कैंसर के मरीज जिनके इलाज के प्रोटोकॉल तैयार हैं और उन्हें कीमोथेरेपी या इम्यूनोथेरेपी की जरूरत है, ऐसे रोगियों को डे केयर सेंटर के कर्मचारी थेरेपी दे सकते हैं। अधिक दुष्प्रभाव के चलते उन्हें बड़े अस्पताल रेफर कर सकते हैं। -डॉ. शालिनी सिंह, निदेशक, राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान, आईसीएमआर

### स्वास्थ्य ढांचे को मिलेगी मजबूती

जिला अस्पतालों में कैंसर देखभाल केंद्रों की स्थापना एक परिवर्तनकारी समाधान प्रस्तुत करती है। ये केंद्र मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को मजबूती भी दे सकते हैं जो निदान से लेकर इलाज और शोध व अनुसंधान तक जुड़े हैं। इससे मरीजों को तय समय पर इलाज मिल सकेगा और बड़े अस्पतालों पर बोझ भी कम पड़ेगा। -डॉ. प्रशांत सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान, नोएडा

### ऐसे रोकथाम आसान बनाएंगे डे केयर सेंटर

डॉ. शालिनी सिंह ने कहा कि हमारे देश में तीन सबसे प्रचलित मौखिक, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर हैं । जिनके जोखिम को कम करने की दिशा में काम करना बहुत जरूरी है।

# मोहम्मद यूनुस ने हिंदू समुदाय को सरस्वती पूजा की दीं शुभकामनाएं



**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को सरस्वती पूजा के अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए दावा किया कि बांग्लादेश, सांप्रदायिक सद्भाव का घर है। उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों का है और धर्म या जाति से परे सभी लोगों के लिए एक सुरक्षित स्थान है। बांग्लादेश में हिंदुओं ने सोमवार को सरस्वती पूजा मनाई।

### मोहम्मद यूनुस ने कहा- यह देश सभी का है

रविवार को जारी एक संदेश में मोहम्मद यूनुस ने कहा कि 'बांग्लादेश सांप्रदायिक सद्भाव का निवास है। हजारों वर्षों से, अलग-अलग जाति, रंग और धर्म के बावजूद सभी लोग इस देश में एक साथ रह रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'देश धर्म या जाति से परे सभी लोगों का घर है।' मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल हुए विद्रोह के बाद देश के अंतरिम नेता के रूप में कमान संभाली थी। यूनुस ने कहा कि अंतरिम सरकार जाति, धर्म और जाति से परे सभी के जीवन को बेहतर बनाने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है।'

**हिंदुओं पर हमलों को लेकर निशाने पर है बांग्लादेश की अंतरिम सरकार** : मोहम्मद यूनुस ने कहा कि 'देवी सरस्वती सत्य, न्याय और ज्ञान के प्रकाश की प्रतीक हैं। वे ज्ञान, वाणी

# दुष्ट देश कहने पर उत्तर कोरिया की अमेरिका को चेतावनी, कहा- ऐसे खत्म नहीं होगी शत्रुता



**सियोल ।** उत्तर कोरिया ने अमेरिकी विदेश मंत्री पर हमला बोला है। उत्तर कोरिया को दुष्ट राज्य कहने पर किम जोंग प्रशासन ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी अशिष्ट और निरर्थक टिप्पणियां कभी भी अमेरिकी हितों को पूरा नहीं कर पाएंगीं। ऐसे शब्दों से कभी शत्रुता खत्म नहीं होगी।

त्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के विदेश नीति के प्रभारी ने अपने शब्दों और कामों के जरिये एक बार फिर डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के प्रति अपने देश की शत्रुतापूर्ण नीति का प्रदर्शन किया है। रूबियो की टिप्पणी डीपीआरके के बारे में नए अमेरिकी प्रशासन की गलत सोच को दशार्ती है। इससे अमेरिकी हितों को कभी बढ़ाने में मदद नहीं मिल सकेगी।

30 जनवरी को एक कार्यक्रम में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने विदेश नीति को लेकर उत्तर कोरिया और ईरान को दुष्ट देश करार दिया था।

**ट्रंप ने किम को बताया था स्मार्ट** : पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किम को स्मार्ट आदमी बताते हुए उत्तर कोरियाई यात्रा करने की बात पर सहमति जताई थी। ट्रंप ने कहा था कि वह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग से संपर्क करने वाले है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने किम के साथ अच्छा संबंध स्थापित किया है और किम धार्मिक कट्टरपंथी नहीं हैं।

**किम जोंग ने किया था परमाणु शस्त्रागार उत्पादन बेस का दौरा** :हाल ही में उत्तर कोरिया के तानशाह किम जोंग ने उत्पादन बेस का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया था। किम के दौरे से साफ है कि अमेरिका से तनाव के बीच उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियारों का विस्तार कर रहा है।

इससे पहले उत्तर कोरिया ने एक क्रूज मिसाइल प्रणाली का परीक्षण किया। इस साल में यह उनका तीसरा हथियार प्रदर्शन है। उत्तर कोरिया के इस कदम से यह पता चलता है कि वह अपने हथियार परीक्षणों और अमेरिका के खिलाफ अपने टकराव के रुख को फिलहाल बरकरार रखने वाला है।

# अपने ही जाल में फंसा पाकिस्तानः नए साल में भी बढ़े आतंकी हमले, 2016 के बाद जनवरी में सबसे ज्यादा दहशतगर्द ढेर

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में इस साल जनवरी में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि हुई है, जो कि पिछले महीने की तुलना में 42 फीसदी अधिक है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सेक्यूरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) के डाटा के अनुसार, देशभर में 74 आतंकवादी हमले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 91 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 35 सुरक्षाकर्मी, 20 नागरिक और 36 आतंकी भी शामिल हैं। वहीं 117 लोग घायल भी हुए हैं, जिसमें 53 सुरक्षाकर्मी, 54 नागरिक और 10 आतंकी शामिल हैं।



### जनवरी में 185 आतंकवादियों का सफाया

रिपोर्ट में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान पर प्रकाश डाला गया, जिसके कारण जनवरी में कम से कम 185 आतंकवादियों का सफाया हो गया।

साल 2016 के बाद से एक महीने में मारे गए आतंकवादियों की सबसे अधिक संख्या दिसंबर 2024 में दर्ज की गई थी, जहां 190 आतंकियों को मार गिराया गया था। जनवरी में आतंकी हमलों और सुरक्षा अभियानों में 245 मौतें हुईं, जिसमें 185 आतंकी, 40 सुरक्षाकर्मी और 20 नागरिक हैं। आतंकी हमलों में खैबर पख्तूनख्वा सबसे अधिक प्रभावित प्रांत रहा।

इसके बाद बलूचिस्तान का नंबर है। खैबर पख्तूनख्वा में 27 हमले हुए, जिसमें 11 सुरक्षाकर्मियों, छह नागरिक और दो आतंकवादियों समेत 19 की मौतें हुईं।

खैबर पख्तूनख्वा के आदिवासी क्षेत्रों में 19 हमले किए गए, जिसमें 13 सुरक्षा कर्मियों, आठ नागरिक और 25 आतंकवादियों समेत 46 मौतें हुईं। बलूचिस्तान में भी 24 हमले हुए। इन हमलों में 20 की जान चली गई। पंजाब में दो आतंकी हमले हुए, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी का जवान घायल हो गया। सिंध और इस्लामाबाद में एक-एक हमले हुए। इस महीने दो आत्मघाती बम विस्फोट भी हुए। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी ली। इस साल अपहरण की घटनाओं में भी तेजी से वृद्धि हुई है।

# कनाडा, मैक्सिको और चीन पर टैरिफ के बाद अब पनामा नहर की बारीट्रंप के विदेश मंत्री ने दिए संकेत



**पनाम सिटी ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार नए फैसले ले रहे हैं। कनाडा, मैक्सिको और चीन पर टैरिफ लगा दिया गया है। ट्रंप के वादे के मुताबिक अमेरिका की नजरें पनामा नहर पर लगी हुई हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसके संकेत भी दे दिए हैं। रविवार को रुबियो ने पनामा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पनामा नहर को अमेरिका को सौंपने की मांग की।

मार्को रुबियो ने रविवार को पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो से एक बैठक में कहा कि पनामा को पनामा नहर क्षेत्र पर चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ट्रंप प्रशासन आवश्यक कदम उठाने को तैयार होगा। रुबियो ने मुलिनो को बताया कि ट्रंप कहते हैं कि नहर क्षेत्र में चीन की उपस्थिति अमेरिका के साथ 1999 में की गई संधि का उल्लंघन कर सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि बैठक में विदेश सचिव रुबियो ने स्पष्ट किया कि नहर की मौजूदा स्थिति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसमें तत्काल परिवर्तन नहीं किया गया तो अमेरिका को समझौते के तहत अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

वहीं पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने बैठक को सम्मानजनक और सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि रुबियो ने नहर पर कब्जा करने या बल प्रयोग करने की कोई धमकी नहीं दी।

राष्ट्रपति ने कहा कि पनामा चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के साथ अपने समझौते को नवीनीकृत नहीं करेगा। पनामा चीन की उस पहल में शामिल हो गया है, जिसमें चीन बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देता है और उन्हें वित्तपोषित करता है। इससे गरीब सदस्य देश चीन के भारी कर्ज में डूब जाते हैं।

शाम को अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो ने प्रशासक रिकोर्टे वास्केज के साथ नहर का दौरा भी किया। रुबियो ने ताला पार किया और नियंत्रण टॉवर का दौरा किया। प्रशासक ने कहा कि जलमार्ग पनामा के हाथों में रहेगा और सभी देशों के लिए खुला रहेगा।

इससे पहले रुबियो ने शुक्रवार को 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' में एक लेख में कहा कि बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासन, नशीले पदार्थ और क्यूबा, निकारागुआ और वेनेजुएला द्वारा अपनाई गई शत्रुतापूर्ण नीतियों से भारी नुकसान हुआ है। साथ ही पनामा नेहर के दोनों छो पर बंदरगाहों का संचालन चीन की कंपनी कर रही है, जिससे इस जलमार्ग पर चीन का दबाव बढ़ सकता है।

रुबियो ने कहा, हम इस मुद्दे पर बात करेंगे। राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह पनामा नहर का फिर से संचालन करना चाहते हैं। पनामा के लोग स्पष्ट रूप से इस विचार से सहमत नहीं हैं।

यह संदेश बहुत स्पष्ट रूप से पहुंचाया गया है। पनामा नहर को अमेरिका ने बनाया था। इसे 1999 में पनामा को सौंप दिया गया था और पनामा इसे फिर से अमेरिका को सौंपने के खिलाफ है।

# सफाई कर्मचारियों से नगर आयुक्त ने की सीधी बात, 12 सूत्रीय मांग का लिया ज्ञापन

## गुमराह ना हों सफाई मित्र, हर समस्या के समाधान पर प्राथमिकता पर होगी कार्यवाही : नगर आयुक्त

### सफाई मित्रों की समस्या का समाधान निगम की प्राथमिकता : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर सफाई कर्मचारी संघ तथा सफाई मित्र एकत्र हुए। नगर आयुक्त द्वारा सभी से मुलाकात की गई तथा 12 सूत्रीय मांग के ज्ञापन को भी लिया। सफाई मित्रों के दिए गए ज्ञापन में दिखाई गई समस्याओं के समाधान के लिए गाजियाबाद नगर निगम सदैव तत्पर है। प्राथमिकता पर सफाई मित्रों की समस्याओं का समाधान लगातार होता आया है जो कि निरंतर जारी रहेगा। उपस्थित जनों से बातचीत की गई, नगर आयुक्त द्वारा सफाई कर्मचारी संघ की टीम को विस्तृत चर्चा हेतु समय दिया गया जिस पर आज चर्चा होगी। इसी के साथ-साथ नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को बाहरी व्यक्तियों से अपना बचाव करने के लिए भी अपील की तथा गुमराह ना होने के लिए कहा गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त जनसुनवाई के उपरांत सफाई मित्रों के पास पहुंचे 12 सूत्रीय मांग पत्र भी लिया, जिसमें सफाई कर्मचारी संघ द्वारा सफाई नायकों को मोबाइल उपलब्ध कराने, सफाई नायकों को अलाउंस दिए जाने, कर्मचारी मृतक आश्रितों की पत्रावली पर कार्यवाही करने, आवास की व्यवस्था करने व अन्य विषयों पर तत्काल कार्यवाही हेतु ज्ञापन दिया गया, जिन पर विस्तृत चर्चा आज होगी। गाजियाबाद नगर निगम विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में लगातार सफाई मित्रों के कार्यों को प्राथमिकता पर कर रहा है। प्राप्त समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा करते हुए कार्यवाही की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। सफाई मित्रों की समस्या का समाधान निगम की पहली प्राथमिकता है जिस पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। सभी से नगर आयुक्त द्वारा बातचीत करते हुए सफाई कर्मचारी संघ को चर्चा के लिए बुलाया गया है।

# कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर जीडीए उपाध्यक्ष से की मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी (सेवानिवृत्त) द्वारा सोमवार को अपनी एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारीगण के साथ जीडीए उपाध्यक्ष से प्राधिकरण सभागार में शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुलाकात की गई। मुलाकात के दौरान उनके द्वारा शहर की समस्याओं के साथ-साथ अन्य गणमान्यों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। उपाध्यक्ष द्वारा कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी व उनकी संस्था के सदस्यों के द्वारा बताई गई सभी समस्याओं का अनुसरण किया गया तथा सभी समस्याओं को नियमानुसार विधिपूर्वक चरणबद्ध तरीके से निस्तारित कराए जाने का आश्वासन भी दिया गया।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** यूं तो जिले वाली दावेदारी में प्रधान जी का मामला मजबूत दिख रहा है श्रीमान? मगर यहां पर कहानी बदलने की उम्मीद है? अगर द यूनियन वालों ने लिया यहां पर कुछ अलग ही ठान? कहने वाले ने कहा द यूनियन की ओर से यहां पर मजबूती से किया गया है दो ओबीसी चेहरों के नाम पर विचार? सुना है एक गुर्जर बिरादरी से आते हैं, दूसरों का बताया जाता है सौम्य यादव वाला किरदार? कहने वाले ने कहा आप समझ जाओ हमारा संदेश? अगर चली यूनियन वालों की तो इन दोनों में से ही अध्यक्ष बनेगा कोई एक फेस?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे तो भगवा पहलवान का गाजियाबाद की राजनीति में है मामला मजबूत? मगर हमने तो उनकी दिल्ली के छतरपुर वाले घर पर देखा उनका अलग ही वजूद? बड़े-बड़े मंत्रियों ने खाया उनके यहां पर खाना? गजब ही दिख रहा था पहलवान के जलवे का तराना? हमें लगा ऐसा कि अगर गाजियाबाद के महानगर में आ गया कोई दूसरा खेमा और उसके बाद हो गई पहलवान जी की राजनीति डाउन? तब उनके पास बैकअप के लिए छतरपुर का एरिया सुरक्षित है? यहां नहीं तो वहां से आ ही जायेगा उनके सर पर क्राउन (ताज)?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम चाहते हैं कि पार्टी नामित वाले मैटर में करे ऐसे चेहरों पर भी विचार? जिनकी आवाज का मजबूत हो किरदार? ऐसे चेहरों को भी देना चाहिए लिस्ट में स्थान? जिनके पास है पूर्व वाले मंडल की पहचान? हम चाहते हैं इस लिस्ट में आये अजय चौधरी का भी नाम? कहने वाले ने कहा ये चेहरा ऐसा है जिसके ऊपर नहीं सेट होता है गुटबाजी का पैगाम? हमारा तो यही है विचार निगम में भेजा जाये बुलंद आवाज वाला ऐसा भी किरदार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** सियासत में विरासत का होना नहीं है कोई नई बात? कुछ तस्वीरें हमने देखी हैं जिसको देख कर हम कह रहे हैं आपसे ये बात? सुना है मंत्री जी के घर से हो गई है इस बात की शुरूआत? हमने देखा उनके सुपुत्र ने अटेंड करने कर दिये हैं समाजिक और धार्मिक प्रोग्राम? देखना अभी तो शुरूआत हुई है, भविष्य में मंत्री जी के पुत्र बनायेगें राजनीति में अपने पिता की तरह नाम?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पंडिता मैडम के अंदर हमें दिखती है राजनीति की अपार संभावनाएं? सुना है वो अपने मन में लेकर चल रही हैं सियासत के कई किरदार? कश्मीर में वो खेलना चाहतीं हैं बड़े पद पर पारी? मगर गाजियाबाद की महानगर वाली राजनीति में बने रहने का भी है उनका विचार? वो मैन टीम में आने के साथ-साथ तलाश रही हैं महिला मोर्चा की कमांडर का भी किरदार? कहने वाले ने कहा एक तीर से वो तीन निशाने साध रहीं हैं? ये तीर किसी निशाने को तो जरूर करेगा पार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** सिर्फ राजनीति में नहीं होते हैं आपसी विवाद? हम आपको यहां बता रहे हैं निगम वालों की बात? दिन था सोमवार का और हो गया जोनल वालों और टैक्स वालों में विवाद? बात तू-तू मैं-मैं से शुरू हुई और बाद में उठ गये एक दूसरे पर हाथ? कहने वाले ने कहा चश्मा गिरा था जमीन पर और लड़ाई की हुई थी इसी से शुरूआत? कहने वाले ने कहा बाद में माफीनामे का निकला समाधान? जोनल वालों ने कहा हमसे मिस्टेक हो गई, आगे से ऐसा नहीं करेगें श्रीमान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिराजी वाले एरिया में शुक्ला जी और बक्शी जी का साथ देने वालों में दिखा फर्क? कहने वालों ने कहा आज भी शुक्ला जी की टीम, शुक्ला जी के साथ है मगर बक्शी जी की टीम में आ गया है फर्क? शुक्ला जी की टीम है अभी भी शुक्ला जी के साथ? बक्शी जी की टीम पहुंच गई है मैडम मंजुला के पास? सुना है एक महामंत्री को मैडम ने कर दिया आश्वस्त? आप हमारी टीम में भ्री इसी पद पर रहोगे? हम नहीं है आप वालों की तरह सख्त?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें वसुंधरा वाले पिंटू तोमर भैया का भाता है किरदार? वो जिसके हैं उसके साथ डटकर खड़े रहते हैं चाहे कुछ भी हो जाये यार? सुना है चल रहा है नामित बनने वाला मामला? क्या कमांडर और उनके पहलवान दोस्त इस नाम पर करा पायेंगे ठाकुर कोटे में मजबूती से विचार? समस्या अब पहले से ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि मामला है ये नदिया पार? क्या दोनों दोस्त अपने प्रिय तोमर के लिए दे पायेंगे कोई दखल? या फिर जैसा मंडल वाले मैटर में हुआ, वैसा ही दिखाई देगा हमें कल?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** दिन था 25 दिसंबर का और भाजपा के वसुंधरा मंडल में आने वाले एक पार्षद ने की थी अटल चौक को संवारने की बड़ी-बड़ी बात? उन्होंने कहा था अब अपनी ताकत से इस पार्क को ठीक करके दिखायेंगे हमने ठान लिया है साहब? कहने वाले ने कहा दिसम्बर से आ गया है फरवरी का महीना? हमें तो विकास नजर आ रहा है कहीं-ना? अभी भी मामला है ढाक के तीन पात? अगर करना ही नहीं था तो पार्षद को नहीं करनी चाहिए थी इतनी लंबी चौड़ी बात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** वसुंधरा वाले एरिया में अभिषेक भैया हैं इस वक्त बहुत ज्यादा परेशान? सुना है जब वो राजीव भैया के यहां जाते हैं तो वहां से वो लेते हैं भाटी जी के यहां क्यों गये, ये वाला नाम? सुना है जब वो भाटी जी के यहां जाते हैं तो भाटी जी भी करते हैं राजीव भैया के यहां क्यों गये, वाली बात? कहने वाले ने कहा अब अभिषेक भैया को कोई सलाह दे कि भगवागढ़ की राजनीति में कोई एक खेमा चुनना पड़ता है? यहां दो नावों पर सवार होने से नहीं बनती है बात?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# सरकार गोल्ड पर इंपोर्ट ड्यूटी 6.5% से घटाकर 4% तक करे : नकुल वर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हिंडनपार सर्राफा व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष नकुल वर्मा ने बताया कि बजट में जिस तरह से सरकार ने 12 लाख रुपए तक टैक्स फ्री इनकम की घोषणा की है। उससे ज्वैलरी सेक्टर की भी अपेक्षाएं काफी बढ़ी हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ज्वैलरी सेक्टर में कस्टमर अपना ध्यान निवेश एवं बचत की ओर ज्यादा करेंगे। टीडीएस 2.5 लाख से बढ़कर 6 लाख तक की छूट की गई है। टीडीएस पर 7 लाख से बढ़कर 10 लाख तक की छूट की गई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए इनकम टैक्स में अतिरिक्त टैक्स स्लैब की छूट 50000 से 1 लाख तक की गई है। पिछली चार संशोधित आयकर रिटर्न पुनः भरने का मौका दिया गया है। यह सब स्वागत योग्य है। हमें उम्मीद थी कि, सरकार गोल्ड पर इंपोर्ट ड्यूटी 6.5% से घटाकर 4% तक करेगी।

जीएसटी बजट का डायरेक्ट फैक्टर नहीं है। परंतु ज्वैलरी सेक्टर में पहले 1% जीएसटी थी और सोने का मूल्य उसे समय रूपए 25,000 प्रति 10 ग्राम था। जिसे बढ़ाकर अब 3% कर दिया गया था, जबकि सोने का मूल्य वर्तमान में 80 से 90000 प्रति 10 ग्राम तक बना हुआ है। इससे आम ग्राहक को सोना खरीदते समय बड़ी मात्रा में जीएसटी का भुगतान करना पड़ रहा है। डिजिटल पेमेंट करते समय बैंक क्रेडिट कार्ड पर एक परसेंट से लेकर दो परसेंट तक कमीशन कट जाता है।

सोना व चांदी बहुमूल्य धातु है इससे आम कस्टमर को काफी पैसा कमीशन के रूप में देना पड़ता है। ज्वैलरी सेक्टर में आभूषण खरीदने वाले कस्टमर को ईएमआई की सुविधा दी जानी चाहिए थी। इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स में अथवा विदेश घूमने पर ईएमआई की सुविधा आम नागरिकों के लिए उपलब्ध है। सर्राफा व्यापार में ईएमआई से आम जन का बचत की तरफ रूझान बढ़ेगा।

# अर्थला मंडल में अटल बिहारी बाजपेयी से जुड़े भाजपा नेता को किया सम्मानित





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक रूप से मनाने का संकल्प लिया है। जिसमें अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान एक महत्वपूर्ण पहल साबित होने जा रही है। सोमवार को अर्थला मंडल अध्यक्ष भूषण चौहान के नेतृत्व में भाजपा नेताओं जो अटल जी के साथ जुड़े रहे के आवास पर उनको सम्मानित किया गया। इस अभियान के तहत, उन सभी लोगों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अटल जी के साथ कार्य किया है। उनके किसी कार्यक्रम में शामिल रहे या जिनके पास अटल जी की कोई यादगार वस्तु जैसे फोटो, ऑटोग्राफ, लेख, कविता, पेपर कटिंग आदि है। मंडल अध्यक्ष भूषण चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता और अभिभावक के रूप में हितेश कपूर व अर्नजना कपूर रहे, जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ बिताए अपने अद्भुत अनुभव साझा किए। उनके विचार और अनुभव हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में हितेश कपूर और उनकी धर्मपत्नी का माला और शाल पहनाकर सम्मान किया गया। और वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, जो हमारे लिए गर्व का विषय रहा। ऐसे आयोजनों से हमें संगठनात्मक मजबूती मिलती है।

इस अवसर पर नीरज वर्मा, बादल चिंडालिया, चंद्रकांत गुप्ता, रूपा कुमारी गुप्ता, जलेश्वर गुप्ता, अखिलेश कुमार, रामकिशन, आशीष कुमार, जितेंद्र सिंह, पप्पू कुमार, नत्थी सिंह, दुर्गेश यादव, जरारडन गुप्ता, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।

# व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए स्वर्णिम बजट 2025 : अशोक कुमार गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदी सरकार 3 के बजट की आजादी के बाद सर्वाधिक प्रशंसा हो रही है। क्रांतिकारी बजट में लघु उद्यमी वर्ग को विशेष पैकेज, 5 लाख रुपए क्रेडिट कार्ड, 120 नए एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज एवं आईआईटी में सीट वृद्धि, एससीएसटी महिलाओं को उद्यमी बनाने, पिछड़े राज्य बिहार को अतिरिक्त सुविधाएं, भगवान बुद्ध के सनातन क्षेत्रो का विकास, नए उद्यमी को 2 करोड़ कर्ज, परमाणु ऊर्जा के लिए 20000 करोड़, आय कर में सभी वर्गों को विशेष राहत, मध्यम वर्ग को 12 लाख रुपए वार्षिक आय पर कर मुक्ति से 85 प्रतिशत कर दाताओं को लाभ, निर्यात को बढ़ावा, इंफ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हेतु राज्यों को कर्ज, गांव गरीब किसान मातृ शक्ति युवा सहित सबके लिए कल्याण कारी योजनाओं ने देश का दिल जीता है। मोदी है तो मुमकिन है। देशवासी अब निराशा एवं भ्रष्टाचार के दौर से हट कर मोदी जी अमित शाह जी योगी जी में सुरक्षा के साथ सशक्त स्वाभिमानी समृद्ध आत्मनिर्भर एवं सुविकसित नए भारत को राष्ट्रवाद के पथ पर दुनिया में सोने की चिड़िया विश्वगुरु भारत बनता देख रहे हैं।

# कोंडली विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी प्रि्रयंका गौतम से विशेष भेंटवार्ता



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** कोंडली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी प्रियंका गौतम ने एक विशेष बैठक में राजधानी दिल्ली की प्रशासनिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली एक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) होने के कारण यहाँ की सभी नीतिगत एवं बजट से संबंधित आवश्यकताओं पर केंद्र सरकार की सीधी निगरानी रहती है। इस स्थिति में दिल्ली सरकार केवल एक मध्यस्थ की भूमिका में होती है, जिसके पास कोई ठोस विकास योजनाएँ या दीर्घकालिक दृष्टिकोण नहीं है।

प्रियंका गौतम ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में कोई वास्तविक नेतृत्व उभरने का अवसर नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में दिल्ली सरकार के 22 निगम पार्षदों और 7 विधायकों ने आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ दी है। उन्होंने केजरीवाल की कार्यशैली को 'शहरी नक्सलवाद' की संज्ञा देते हुए कहा कि वे हमेशा विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देते हैं और किसी भी राष्ट्रीय हित की नीतियों के साथ सहयोग करने को तैयार नहीं होते। इस अवसर पर प्रसिद्ध संस्कृत समाचार पत्र सजल सन्देश के संपादक तथा वरिष्ठ संवाददाता देवेन एस. खत्री ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी दल है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियाँ न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में अपनाई जा रही हैं। मोदी सरकार की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति ही देश को आगे ले जाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

प्रियंका गौतम ने यह भी जोर देकर कहा कि दिल्ली को एक समावेशी और सुनियोजित विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार में सामंजस्य होना आवश्यक है। उन्होंने यह माँग उठाई कि दिल्ली जैसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक समान शासन व्यवस्था होनी चाहिए, जहाँ केंद्र और राज्य सरकार एकरूपता से कार्य करें। उन्होंने इसे दिल्ली के समग्र विकास और सुशासन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

प्रियंका गौतम ने अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया और कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर कोंडली विधानसभा को एक विकसित और सशक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। उन्होंने जनता से आगामी चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की अपील की ताकि दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और बेहतर विकास योजनाएँ मिल सकें।

# आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस गाजियाबाद में एल्युमनाई मीट-2025 का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस गाजियाबाद द्वारा अपने पूर्व छात्र-छात्राओं के लिए एल्युमनाई मीट-2025 का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सभी पूर्व छात्र-छात्राओं को एक मंच पर लाकर संबंधों में और अधिक प्रगाढ़ता लाना रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया, संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. पूजा रस्तोगी एवं पूर्व छात्रों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। एलुमनाई मीट को रंगारंग बनाने के लिए म्यूजिकल नाईट की व्यवस्था की गयी।


कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं के लिए कई श्रेणियों में अवार्ड भी रखे गए, जिसके तहत पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। एलुमनाई मीट में 2019-23 तक के छात्र-छात्रों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा कई प्रस्तुति भी दी गयीं जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक द्वारा उपस्थित पूर्व छात्रों का स्वागत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में 700 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में अपने शिक्षकों से मिले और अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रध्छात्राओं के मनोरंजन के लिए कुछ गेम्स भी रखे गए, साथ ही म्यूजिकल नाईट की भी व्यवस्था की गयी जिसका उपस्थित छात्रध्छात्राओं ने जमकर लुफ्त उठाया। उपस्थित छात्र-छात्राओं में भरपूर जोश देखने को मिला कार्यक्रम का संचालन डॉ. संध्या शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन डिप्टी मैनेजर (एलुमनाई रिलेशन्स) विशाल सचदेवा द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक पिता के लिए उनकी नहीं बिटिया उनका स्वाभिमान होती है। पिता ने भले ही सियासत में लोकप्रियता का आसमान छू लिया है मगर बेटी का जन्मदिन उनके लिए सबसे खास है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपनी लाडली बिटिया श्रुति का जन्मदिन सादगी से मनाया। बिटिया को आशीर्वाद दिया। पिता पुत्री के स्नेहिल रिश्ते को संस्कार की पूंजी में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।